# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




*प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में निधन*

## उस्ताद जाकिर हुसैन ने तबले को दी नई पहचान संगीत का जादू बिखेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई/कोलकाता

प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार ने एक बयान में कहा कि हुसैन की मृत्यु फेफड़े संबंधी समस्या 'इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस' से उत्पन्न जटिलताओं के कारण हुई। वह 73 वर्ष के थे। हुसैन पिछले दो सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में रखा गया था। हुसैन की बहन खुर्शीद औलिया ने कहा कि उन्होंने 'सुकून के साथ अंतिम सांस' ली। उन्होंने बताया, वेंटिलेशन मशीन बंद किए जाने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सात साल की उम्र से तबले पर आजमाया हाथ

हुसैन ने मात्र सात वर्ष की आयु से ही तबले पर हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। आगे चलकर उन्होंने पंडित रविशंकर, अली अकबर खान और शिवकुमार शर्मा जैसे दिग्गजों सहित भारत के लगभग सभी प्रतिष्ठित संगीत कलाकारों के साथ काम किया। यो-यो मा, चार्ल्स लॉयड, बेला फ्लेक, एडगर मेयर, मिकी हार्ट और जॉर्ज हैरिसन जैसे पश्चिमी संगीतकारों के साथ उनके अभूतपूर्व संगीत ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचाया।

### पद्म और ग्रैमी पुरस्कार

उस्ताद हुसैन ने अपने करियर में पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते। इनमें से तीन इस साल की शुरुआत में 66वें ग्रैमी पुरस्कार में मिले थे। भारत के सबसे प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकारों में से एक हुसैन को 1988 में 'पद्म श्री', 2002 में 'पद्म भूषण' और 2023 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रपति, पीएम समेत देशवासियों ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मशहूर हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने तबला वादक जाकिर हुसैन को सच्चा उस्ताद बताया। गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन, बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया, सरोद वादक अमजद अली खान, संगीतकार ए आर रहमान, फिल्म निर्माता हंसल मेहता और विभिन्न क्षेत्रों की तमाम हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी।

### शाह ने बस्तर में पीड़ितों की सुनी, अमर वाटिका में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

# नक्सली हिड़मा के गांव के करीब शाह ने लगाई चौपाल, बोले-खत्म होगा नक्सलवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को घोर नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र गुंडम पहुंचे। वे देश के ऐसे पहले गृहमंत्री है जो घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांव गुंडम पहुंचे। यहां प्राथमिक शाला में महुआ पेड़ के नीचे चारपाई पर बैठकर चौपाल लगाई। उन्होंने स्कूली बच्चों और ग्रामीणों से मुलाकात और चर्चा की।

बीते एक सप्ताह से देश के गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। सुरक्षा बल के जवान इस इलाके में लगातार सर्चिंग कर रहे थे। यह वही इलाका है, जो हार्डकोर नक्सली हिड़मा का गढ़ माना जाता है। दरअसल पिछले एक वर्ष पूर्व सरकार ने नक्सल ठिकानों पर सुरक्षाबलों का नया कैंप स्थापित किया है। इस वजह से इन इलाको में नक्सल घटनाओं में कमी देखने को मिली रही है, बता दें कि जिले के उसूर ब्लाक के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित गांव गुंडम में गृहमंत्री अमित ▶▶|शेष पेज 4 पर

### गांव में महुआ पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर स्कूली बच्चों और ग्रामीणों से की चर्चा



### पक्के मकान देने का वादा

खूंखार नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती के नजदीक है गुंडम। इस पूरे इलाके में नक्सलियों की जनताना सरकार चलती थी। गृह मंत्री ने सरकारी योजनाओं की ग्रामीणों से जानकारी लेकर गांव में सभी को पक्का मकान के साथ मूलभूत सुविधाएं देने का वादा किया। गृह मंत्री को बताया गया कि इस पूरे इलाके में नक्सलियों की हुकूमत चलती थी। प्रशासन का कोई भी अमला यहां पहुंच नहीं पाता था। बिजली तक की सुविधा नहीं थी। इस इलाके में कैम्प खुलने से स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं मिलने लगी हैं।

## शहीदों के बलिदान से युवाओं को मिल रही प्रेरणा

**जगदलपुर।** आप सभी ने जैसे अपने परिजनों को खोया है, वैसा इस देश में और छत्तीसगढ़ में किसी को न खोना पड़े, वर्दी पहन कर शहीद हुए और नक्सली हमलों में जान गंवाने वाले सभी को मैं सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्ण रूप से समाप्त कर देंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह बात अमर वाटिका में नक्सली हमले में शहीद जवानों और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजनों से मिलकर कहीं। उन्होंने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

श्री शाह ने परिजनों से कहा कि लम्बी और वेदनापूर्ण लड़ाई में आपने अपनों को खोया है, अपनी इस दर्द को कोई कम नहीं कर सकता है, लेकिन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### *शहीदों के त्याग और बलिदान को चिरस्थाई बनाने गांव में प्रतिमा स्थापित की जाएगी : साय*




### व्यर्थ नहीं जाएगी शहादत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आपके परिजनों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार साथ मिलकर आपके हितों का ध्यान रखेगी हम आप सभी के लिए जो बेहतर होगा वह करने के लिए हम संकल्पित होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और शहीदों को नमन किया।

### गांव में लगेगी प्रतिमा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर में शांति व उन्नति के लिए शहीद हुए जवानों और नक्सली हिंसा में पीड़ित परिवार के परिजनों से हम मिलना चाह रहे थे। आप सभी हमारे परिवार का हिस्सा हैं और अपनों को खोने का यह दुःख हम सभी को समान पीड़ा दे रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भीषण हादसा, ट्रक ने कार को ठोका

# 7 की मौत, 7 गंभीर

- दल्ली राजहरा-डौंडी मुख्य मार्ग पर चौरहा पड़ाव हड्डी गोदाम के पास हुई दुर्घटना
- छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद डौंडी से ग्राम गुरेदा लौट रहे थे कार सवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी/बालोद

दल्लीराजहरा से डौंडी मुख्य मार्ग पर चोरहापड़ाव हड्डी गोदाम के सामने रविवार- सोमवार की दरमियानी रात लगभग 1.30 बजे एक भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, वहां से राजनांदगांव रिफर कर दिया गया है। कार में 14 लोग सवार थे।

पुलिस के मुताबिक कार में सवार लोग छट्ठी नामकरण संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के चोरहापड़ाव के पास कार क्रमांक सीजी 04 एलडी 8049 को दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक सीजी 07 बीक्यू 0941 ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ने गहरा दुख प्रकट किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सड़क हादसे में 7 लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में मृत लोगों के शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ईश्वर से दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति तथा उनके शोक संतप्त परिवारजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने इस दुर्घटना में घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

### जल्द पकड़ा जाएगा ड्राइवर

बीती रात को हुए हादसे में कई लोगों की जान चली गई है। 7 घायलों की हालत गंभीर होने पर राजनांदगांव रिफर किया गया है। फरार ड्राइवर को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

\- **अशोक कुमार जोशी**
एडिशनल एसपी, बालोद

## पोटाकेबिन में दूसरी की छात्रा की अज्ञात बीमारी से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में संचालित आवासीय शालाओं में प्रबंधन की लापरवाही से लगातार बच्चों की मौत के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। ताजा मामला छिंदगढ़ ब्लॉक के बाला टिकरा में संचालित कन्या आवासीय पोटाकेबिन विद्यालय का है। यहां दूसरी कक्षा में पढ़ रही छात्रा की अज्ञात बीमारी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- आवासीय विद्यालयों में लापरवाही के मामले थम नहीं रहे, अब तक 3 बच्चों की मौत




### *जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा : डीईओ*

*डीईओ जेआर मंडावी ने बताया कि डीएमसी और बीआरसी पोटाकेबिन गए हैं। जांच के बाद ही क्लियर हो पाएगा। इधर डीएमसी उमाशंकर तिवारी ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि अभी बेटे के काम से बैंक आया हूं, बाद में बात करता हूं।*




### आज पेश होगा एक देश, एक चुनाव बिल

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाला एक संवैधानिक संशोधन विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। फिर इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा जा सकता है।



### खुदरा के बाद थोक महंगाई में गिरावट

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं के दाम घटने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में तीन महीने के निचले स्तर 1.89 प्रतिशत पर आ गई। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर, 2024 में 2.36 प्रतिशत के स्तर पर थी।



### मथुरा एक्सप्रेस के कोच में धुएं से अफरा-तफरी

**देवरिया।** छपरा से मथुरा जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में सवार यात्रियों में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कोच से अचानक धुआं निकलने लगा। ब्रेक जाम होने के कारण कोच से धुआं निकला था, जिसे तुरंत ही दुरुस्त कर दिया गया। घटना गौरी बाजार और बैतालपुर रेलवे स्टेशन के बीच हुई।





# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2024 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 12000+ Students from 27+ Countries | Top Placements & Internships

## Registration Open For ENTRANCE EXAMINATION

# 2025-26 KALSEE
Kalinga Scholastic Entrance Examination

# KAL-MAT
Kalinga Management Aptitude Test



**SESSION 2025-26 OPEN**

### KALSEE
To Enroll in any **UG/PG Program (Except BBA/MBA/Ph.D.)**
Register for Entrance Exam
**KALSEE 2025**

To avail Scholarship, Register before **28th Feb 2025**

### KAL-MAT
To Enroll in **BBA/MBA Program**
Register for Entrance exam
**KAL-MAT 2025**

**Examination Date for MBA:**
**8th March 2025,** followed by Personal Interview on **22nd March 2025** ★

**Examination Date for BBA:**
It will be conducted within a week after registration followed by interview.

### KALSEE Exam Scholarship (2025-26):
**You Can Get Extra Scholarship Based On Marks Obtained In KALSEE Entrance Exam**

- **80 and Above**: 20% Extra Scholarship on tuition fees
- **70-79**: 15% Extra Scholarship on tuition fees
- **60-69**: 12.5% Extra Scholarship on tuition fees
- **50-59**: 10% Extra Scholarship on tuition fees

### DEPARTMENTS
- ENGINEERING
- MANAGEMENT
- LAW
- ARTS & HUMANITIES
- PHARMACY
- INFORMATION TECHNOLOGY
- DESIGN
- RESEARCH
- YOGA
- SCIENCE
- COMMERCE
- EDUCATION
- LIBRARY & INFORMATION SCIENCE

### NEW AGE PROGRAMS
- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- BCA in **AI & ML**
- Bachelor & Master of CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- Bachelor and Master of **Animation & VFX**
- B.Design & M.Design in **User Experience (UX)**
- BA & MA in **Film Making** In collaboration with NIIRA EDUCOM
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science** (Forensic Biology & Serology, Forensic Chemistry & Toxicology, Questioned Document & Fingerprint Examination and Forensic Physical Science)

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 1st Floor, SLT Waterfront, Opp. Telibandha Talab, Raipur – 492001
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**


★ Candidates Need to Appear for an Online PI After Appearing for KAL-MAT on 22nd March 2025.

#Rajesh9926308899

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## मां की बहादुरी और तेंदुए को पकड़ा

घटनाओं के बाद तेंदुआ गांव के ही आसपास मंडरा रहा था। घायल बच्ची की मां ने अदम्य साहस दिखाते हुए वालीबॉल नेट की मदद से तेंदुए को फंसाने की कोशिश की। ग्रामीणों की मदद से तेंदुए को काबू में कर वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने तेंदुए को बड़ी लोहे की जाली में सुरक्षित शिफ्ट किया।

### चार घंटे में ढाई साल की मासूम और किसान पर किया हमला

# बेटी के लिए मां बनी शेरनी, तेंदुए से भिड़ी, जाल में फंसाकर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खास खबर

गरियाबंद जिले के ग्राम बारूका में सोमवार को महज 4 घंटे के भीतर तेंदुए के हमले की दो घटनाएं हुईं। तेंदुए ने एक के बाद एक लगातार ढाई साल की मासूम और एक किसान पर हमला किया। तेंदुए के इन हमलों में एक ढाई साल की मासूम और एक किसान घायल हो गए। बच्ची को गंभीर चोटें आईं हैं, बेहतर इलाज के लिए उसे रायपुर रेफर किया गया है। वहीं घायल बच्ची की मां ने साहस दिखाते हुए, तेंदुए को जाल में फंसाया और ग्रामीणों ▶▶|शेष पेज 4 पर



### मासूम पर तेंदुए का हमला

सोमवार दोपहर करीब एक बजे, ढाई साल की रश्मि यादव अपने घर के आंगन में खेल रही थी। तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर पास में काम कर रहे देवानंद यादव तुरंत दौड़े और साहस दिखाते हुए बच्ची को तेंदुए के चंगुल से बचा लिया। हालांकि, इस घटना ▶▶|शेष पेज 4 पर





एमसीबी में एक हफ्ते से बाघिन का रहा मूवमेंट डर के साए में थे रहवासी

# बाघिन को वन अमले ने किया ट्रैंक्यूलाइज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

एमसीबी जिले में बीते एक सप्ताह से एक बाघिन के विचरण के बीच चिरमिरी क्षेत्र के लोग दहशत में थे। इसी बीच सोमवार को बाघिन चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पहुंच गया, जिसके बाद वन विभाग के अमले व पशु चिकित्सकों की टीम की सहयोग से बाघिन को ट्रैंक्यूलाइज किया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ ▶▶|शेष पेज 4 पर

### घंटों मशक्कत के बाद पकड़ में आई

*जानकारी के अनुसार विगत एक सप्ताह से एमसीबी जिले में एवं कुछ दिनों से चिरमिरी क्षेत्र में बाघिन टी 200 का विचरण हो रहा था, जिसे लेकर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की लगातार नजर बनी हुई थी। बाघिन की सुरक्षा को लेकर* ▶▶|शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### पंचायत विभाग ने कलेक्टरों को जारी किया आदेश

# टल गए निकाय-पंचायत चुनाव आरक्षण की प्रक्रिया भी स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## आरक्षण की समय सारणी को किया स्थगित

खास खबर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव फिलहाल टल गए हैं। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को एक आदेश जारी कर कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण की कार्यवाही के लिए समय सारणी जारी की गई थी, अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित किया गया है। नगरीय निकायों के चुनाव के संबंध में शासन ने कोई आदेश जारी नहीं किया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव ने इस संबंध में कहा है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### नगरीय चुनाव स्थगित-मुझे जानकारी नहीं

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मेयर और अध्यक्ष के चुनाव के लिए आरक्षण की कार्यवाही के लिए विहित अधिकारी बनाए गए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक कुंदन कुमार ने कहा है उन्हें निकाय चुनाव टलने के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। कुंदन कुमार को तीन दिन पहले ही राज्य शासन ने निकाय चुनाव के लिए विहित अधिकारी बनाने का आदेश जारी किया था।



### नगरीय निकाय चुनाव भी अभी नहीं

पंचायतों के चुनाव टलने की खबरों के साथ ये जानकारी भी आ रही है कि राज्य में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव भी कुछ समय के लिए टल गए हैं। इस चुनाव के लिए भी सरकार ने काफी तैयारी कर ली थी। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अनुशंसा के अनुरूप आरक्षण की प्रक्रिया तय कर ली गई है। इस चुनाव के सिलसिले में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम संबंधी तीन अध्यादेश लाए गए थे। इन अध्यादेशों को सोमवार को विधानसभा सत्र के पहले दिन विधानसभा के पटल पर भी रखा जा चुका है। निकायों में वार्डों का परिसीमन पूरा कर लिया गया है। लेकिन निकाय चुनाव के लिए अभी तक आरक्षण की प्रक्रिया नहीं हुई थी। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो ये दोनों चुनाव कुछ समय के लिए टल गए हैं। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

### जल्द चुनाव के थे आसार

राज्य शासन का यह आदेश जारी होने के पहले तक राज्य में पंचायतों के चुनाव की हलचल तेज थी। सबसे पहले तो इन चुनावों के लिए ओबीसी को आरक्षण देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग ने अपना काम पूरा करके राज्य शासन को अनुशंसा कर दी थी। राज्य सरकार ने आयोग की अनुशंसा को मंजूर किया था। यह तय हो गया था कि राज्य में ओबीसी को किस प्रकार आरक्षण दिया जाएगा। यहां तक प्रक्रिया होने के बाद राज्य शासन ने 11 दिसंबर को सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर पंचायतों में आरक्षण करने के लिए समय-सारिणी जारी कर दी थी। कलेक्टरों द्वारा इस आदेश पर काम किया जा रहा था। इसी बीच 16 दिसंबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने एक नया आदेश जारी कर आरक्षण संबंधी कार्यवाही को स्थगित करने का आदेश जारी कर दिया है। इस आधार पर माना जा रहा है कि राज्य में फिलहाल पंचायतों के चुनाव टल गए हैं। अभी ये साफ नहीं है कि ये चुनाव कब होंगे।

# राइस मिलर एसोसिएशन दो फाड़, एक गुट सरकार से मिला, दूसरे पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग की लगातार कार्रवाई के बाद राइस मिलर एसोसिएशन में दो फाड़ हो गया है। एक गुट ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री अरूण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों और विशेषकर बड़े चावल उत्पादन केंद्रों से राइस मिलरों के प्रतिनिधिमंडल इसमें शामिल थे।

- एक गुट ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा, योगेश अग्रवाल ने कहा-आंदोलन जारी रखेंगे

प्रतिनिधिमंडल ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी हमारे प्रतिनिधिमंडल ने मिल कर उन्हें राइस मिलरों की समस्याओं से अवगत कराया है। राज्य सरकार को मिलरों की तरफ से हमने प्रतिवेदन दिया था। हमारी जितनी भी मांगें थी, उसे शासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ सुना गया। सरकार ने हमारी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है। छत्तीसगढ़ के राइस मिलर शासन के आश्वासन से पूरी तरह संतुष्ट हैं। ▶▶|शेष पेज 4 पर

## तीन मिल और सील कीं



### संभागीय टीम मिलरों की समस्या जानेगी

प्रतिनिधि मंडल ने कहा, यह तय किया गया है कि आने वाले समय में राइस मिलरों की मांगों को मंच देने हम संभागीय टीम बनायेंगे। यह टीम समय-समय पर चर्चा कर मिलरों की समस्याओं से शासन को अवगत कराएगी। सभी राइस मिलर एकजुट हैं। हम शासन तक अपनी बात पहुँचाने के लिए सक्षम हैं। किसी तीसरे पक्ष को हमारे मामले में दखल देने की आवश्यकता नहीं है।

### नियम का पालन नहीं करने व अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई

नियम का पालन नहीं करने एवं अनियमितता पाए जाने पर मिलों पर कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में जांच पर 5 मिलों को सीलबंद किया है। यह जांच आगे भी जारी रहेगी।

- कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर खाद्य विभाग रायपुर

### खरीदी केंद्रों में धान डंप

इधर मिलरों के द्वारा धान का उठाव नहीं किए जाने से धान खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से दो से तीन गुना अधिक धान डंप हो गया है। धान रखने की जगह न होने के कारण अधिकतर केंद्रों में खरीदी बंद कर दी गई है। मार्कफेड द्वारा संग्रहण केंद्रों के लिए उठाव किया जा रहा है, लेकिन यह काफी नहीं है। आने वाले दिनों में उठाव नहीं हुआ, तो खरीदी पूरी तरह से बंद होने के आसार हैं।

## खबर संक्षेप

### कमेंटेटर ने बुमराह को कहा 'बंदर', फिर मांगी माफी



**ब्रिसबेन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्राइमेट' (बंदर या मनुष्य जैसा जानवर) कहने वाली इंग्लैंड की पूर्व खिलाड़ी और कमेंटेटर ईशा गुहा ने सोमवार को अपनी नस्लवादी टिप्पणी के लिए माफी मांगी।

### दो तस्कर से 5.5 किलो हेरोइन जब्त



**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एलओसी के पास दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 5.50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। नौशेरा सेक्टर से भारी मात्रा में हेरोइन जब्त किए जाने से सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने के तस्करों के प्रयास को विफल कर दिया गया।

### पुलिसकर्मी ने रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली



**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में 36 वर्षीय पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। विनीत मलप्पुरम जिले में 'थंडरबोल्ट कमांडो' के रूप में सेवा दे रहे थे। फिलहाल स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का हिस्सा थे। विनीत रविवार को अपने क्वार्टर के बाथरूम में मृत पाए गए।

### गायक, संगीतकार पं. संजय मराठे का निधन



**ठाणे।** प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और हारमोनियम वादक पंडित संजय राम मराठे का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि कलाकार को दिल का गंभीर दौरा पड़ा था और उन्हें ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार रात उनका निधन हो गया।

### 1.85 करोड़ की नकली दवाएं जब्त



**ठाणे।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने दो स्थानों पर छापेमारी की। यहां से 1.85 करोड़ रुपए की नकली दवाएं जब्त की। पिछले कुछ महीनों में भिवंडी स्थित एक गोदाम और मीरा रोड स्थित एक अन्य प्रतिष्ठान पर छापेमारी की गई। इस सिलसिले में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# बांग्लादेशी रोहिंग्या मुस्लिमों को ढूंढने में छूट रहा पसीना, संदिग्ध मिल रहे तीन दिन में 1500 पर एक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमानों पर गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान के बाद कवर्धा के बाद दुर्ग-भिलाई में पुलिस एक्शन में है, लेकिन इसमें दिक्कत भी आ रही है। संदिग्ध तो मिल रहे हैं, पर वे मुस्लिम कहां से आए हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि तीन दिनों में पुलिस ने 1500 संदिग्ध पकड़े, लेकिन इनमें से किसी के भी रोंहिग्या होने की ▶▶|शेष पेज 4 पर

### गली-कूचे में घुस रही पुलिस

रोहिंग्या मुस्लिम को लेकर दुर्ग जिले की पुलिस खोज में जुटी हुई है। इसे लेकर पुलिस ने बड़ा सर्च अभियान चला रखा है। 5 हजार से ज्यादा लोगों से पूछताछ हो चुकी है। अब तक कोई भी रोहिंग्या मुस्लिम नहीं मिल पाया है। मगर कुछ संदिग्ध किस्म के लोग मिले हैं, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है। कई लोग अपना नाम बदल-बदलकर निवास कर रहें है। इस तरह के लोगों पर शिकंजा कसते हुए खदेड़ने की बात कही थी। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जांच की जा रही

सुरक्षा के चलते पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। चेकिंग के दौरान संदिग्धों द्वारा दिए जा रहे दस्तावेजों को चेक किया जा रहा है। 5 हजार से अधिक लोगों की जांच की गई है।

-सुखनंदन राठौर, एएसपी दुर्ग

### कौन है रोहिंग्या मुस्लिम, जानिए

रोहिंग्या इस्लाम को मानते हैं और म्यांमार के सुन्नी मुस्लिम रखाइन प्रांत से आते हैं। वर्ष 1982 में बौद्ध बहुल देश म्यांमार ने रोहिंग्या की नागरिकता छीन ली थी।2017 में हुए हुए नरसंहार से पहले म्यांमार में इनकी आबादी 14 लाख थी। सिर्फ बांग्लादेश में रहने वाले रोहिंग्या की संख्या 15 लाख से अधिक है। अब इन लोगों को वहां से खदेड़ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

## विश्व चैंपियन गुकेश का चेन्नई में भव्य स्वागत



*चेन्नई। विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का सोमवार को यहां हवाई अड्डे पर सैकड़ों उत्सुक प्रशंसकों, तमिलनाडु सरकार और राष्ट्रीय महासंघ के अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। 18 वर्षीय गुकेश ने पिछले सप्ताह सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। स्वदेश लौटने पर गुकेश ने उनका समर्थन करने के लिए सभी का धन्यवाद किया। विश्व चैंपियनशिप जीतने के लिए गुकेश को 13 लाख डॉलर (लगभग 11.03 करोड़ रुपए) का नकद पुरस्कार भी मिला।*

**11 करोड़ का मिला इनाम** | **7.5-6.5 से जीता टूर्नामेंट** | **18 की उम्र में जीता खिताब**

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र

# धान के मुद्दे पर स्थगन मंजूर नहीं, विपक्ष का बहिर्गमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्षी कांग्रेस ने धान के मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव रखा, लेकिन सत्ता पक्ष ने स्थगन की ग्राह्यता पर चर्चा स्वीकार की। चर्चा पूरी होने के बाद विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी। विपक्ष ने नारे लगाते हुए बहिर्गमन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भूपेश ने कहा - धान खरीदी की व्यवस्था चरमराई

*पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में धान खरीदी की जो व्यवस्था बनाई गई थी, उसे आगे बढ़ाने का काम इस सरकार को करना था, लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा हमने सोसायटी से 72 घंटे में धान उठाने की व्यवस्था* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रिजॉर्ट के दूसरे फ्लोर पर मिली लाशें

# जॉर्जिया में जहरीली गैस से 11 भारतीयों की मौत

**त्बिलिसी।** जॉर्जिया के एक रिजॉर्ट में 11 भारतीयों की मौत हो गई है। एक स्थानीय नागरिक की भी मौत हुई है। सभी की लाशें रिजॉर्ट में उनके कमरों से मिली हैं। शुरुआती जांच में यह मामला जहरीली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस फैलने से मौत होने का बताया गया है। भारतीय दूतावास ने बताया है कि मरने वाले 11 भारतीय नागरिक जॉर्जिया के गुडौरी में एक भारतीय रेस्तरां 'हवेली' के कर्मचारी थे। स्थानीय अधिकारियों के साथ दूतावास के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

### सोने के लिए गए थे सभी लोग!

जॉर्जिया की राजधानी तिब्लीसी में स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है, मिशन को गुडौरी में 11 भारतीय नागरिकों की मौत के बारे में पता चला है। हमारी उनके प्रति गहरी संवेदनाएं हैं।


## पहली बार ऐसी घटना देख चिकित्सक भी हैरान

# युवक ने निगल लिया जिंदा चूजा, दम घुटने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में अन्धविश्वास से जुड़ा एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। अंधविश्वास में युवक ने मन्नत पूरी करने के लिए जिन्दा चूजा निगल लिया चूजा निगलने के कारण युवक की मौत हो गई। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब डॉक्टरों की टीम ने युवक की मौत का कारण जानने के लिए पीएम किया। चूजा युवक के आहार व स्वांस नली में फंसा हुआ था। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है और घटना की जांच ▶▶|शेष पेज 4 पर

- मन्नत पूरी करने के चक्कर में गई जान



### करा रहा था पूजा पाठ

*युवक द्वारा जिंदा और साबुत चूजा निगला गया था। इस मामले में मृतक के परिजन का कहना है कि आनंद की शादी 15 साल पहले हुई थी लेकिन बच्चा नहीं हो रहा था। गांव में ही एक देवार के पास जाकर वह पूजा पाठ करा रहा था और मन्नत से उसे एक बच्चा हुआ। उसका मुंडन कराना था* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पहली बार देखा ऐसा मामला

मै रूटीन पीएम में था। पुलिस सहायता केंद्र के द्वारा एक शव लाया गया। घर वालो ने बताया कि घर में गिर जाने से उसकी मौत हुई है लेकिन मौत का कारण पता नही चल रहा था। गले को खोलकर देखा तो आहार नली में एक मुर्गे का चूजा था। जिसका एक पैर श्वास नली और बाकी चूजा आहार नली में था। अब तक 15 हजार पीएम मैंने किया है लेकिन पहली बार इस तरह का मामला देखा।

-डॉ. संतू बाघ, फोरेंसिक एक्सपर्ट

## चिंतन

# काश संसद में संविधान के लक्ष्यों पर बहस होती

संसद में संविधान पर चर्चा एक अच्छी पहल है। भारतीय संविधान ने अपनी 75 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ, तब से देश ने संविधान के लक्ष्यों के अनुरूप अनेक स्तर पर प्रगति की है, लेकिन कई लक्ष्य अधूरे भी हैं। यह समीक्षा होनी ही चाहिए कि 75 वर्ष की यात्रा में लक्ष्यों की स्थिति क्या है? संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों के क्रियान्वयन की दशा व दिशा क्या है? हालांकि सरकार संसद में संविधान पर बहस विपक्ष की मांग के बाद करवा रही है, लेकिन संविधान के लक्ष्यों पर बात होती तो देश लाभान्वित होता। इसमें जो गौर करने वाली बात है कि विपक्ष ने आरोप के साथ संविधान पर बहस शुरू की है, ये ऐसे आरोप हैं जिसमें राजनीति के सिवा कोई तथ्य नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव के समय से कांग्रेस ने एक नैरेटिव गढ़ा है कि भाजपा नीत राजग सरकार संविधान बदलना चाहती है, भाजपा के बयानवीर नेताओं ने मौका भी दिया, जबकि तथ्यात्मक रूप से यह संभव नहीं है। अब तक करीब 126 संविधान संशोधन हुए हैं, जिनमें से करीब 98 से अधिक कांग्रेस सरकार के समय हुए हैं। संविधान में संशोधन वक्त की जरूरत के हिसाब से संसद के जरिये होते हैं, संशोधन करना संविधान बदलना नहीं है। संविधान पर चर्चा इसे बदलने के राजनीतिक आरोप के साथ नहीं होनी चाहिए, बल्कि विपक्ष को तथ्यों के साथ संसद में यह बात रखनी चाहिए कि अधूरे लक्ष्य कौन-कौन हैं? डा. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में राजनीतिक लोकतंत्र के साथ सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा को भी समावेशित किया था, संविधान ने 75 वर्ष में इन लक्ष्यों को हासिल नहीं किया है। संविधान में वर्णित समानता, स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्षता और मौलिक अधिकारों पर आधारित राष्ट्र निर्माण और उसे मजबूत करने के लक्ष्यों में देश की राजनीति बाधक बन रही है। जातिगत व संप्रदायगत राजनीति देश की एकता व अखंडता और भाईचारे का बड़ा नुकसान कर रही है। यह समय सभी राजनीतिक दलों के लिए ठहर कर सोचने का है कि वे अपनी-अपनी विभाजनकारी राजनीति से देश को किस दिशा में ले जा रहे हैं। संविधान पर चर्चा के दौरान चाहे कांग्रेस सांसदों ने अपनी बात रखी हो, या सत्ता पक्ष से भाजपा सांसदों ने अपनी बात रखी हो, सभी ने केवल एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। किसी ने भी ईमानदारी से संविधान के लक्ष्यों पर चर्चा नहीं की है। संविधान में आरक्षण का प्रावधान दस वर्ष के लिए था, यह राजनीतिक एजेंडा क्यों बना हुआ है? देश में जातिगत आरक्षण के फायदों को लेकर सोशल ऑडिट क्यों नहीं हुआ है? सामाजिक न्याय की बात होती है, पर इसके लिए राष्ट्रीय पैमाना अब तक क्यों नहीं तय हुआ? जातिवाद के खात्मे के लिए सरकारी प्रयास क्यों नहीं हुए? जाति गणना से राष्ट्र को क्या लाभ होने वाला है? सामाजिक पिछड़ेपन का आधार जाति क्यों है? संसदीय व दलीय राजनीति में समावेशी प्रतिनिधित्व की अवधारणा केवल चुनावी समीकरण तक क्यों सीमित हैं? आमजन के लिए इंसाफ के दरवाजे तक पहुंच सरल क्यों नहीं है? सरकार अपनी विफलताओं के लिए जवाबदेह क्यों नहीं है? ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिस पर संसद में बहस होनी चाहिए, पर दुर्भाग्य यह है कि न ही विपक्ष के पास संविधान पर चर्चा के विषय की तैयारी है और न ही सत्ता पक्ष की रुचि है। लग रहा है जैसे कांग्रेस केवल भाजपा पर आरोप लगाने के लिए संविधान पर चर्चा कर रही है। न संविधान बदल रहा है न इस पर कोई खतरा है।



श्रद्धांजलि
गीता शुक्ला

उस्ताद जाकिर हुसैन की मृत्यु से सारा देश उदास है। वे सर्वप्रिय थे। उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी अद्भुत तकनीक और तबले पर महारत के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनकी लय और ताल की समझ अविश्वसनीय थी। वे जटिल तालों को भी सहजता से बजाते थे, जिससे संगीत में एक अलग ही रंगत आ जाती थी। जाकिर हुसैन का संगीत सिर्फ तकनीकी कौशल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं की गहराई भी है। उनकी हर थाप में एक कहानी छिपी होती है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाती है। वो फरवरी का महीना था और साल था 2012 । राजधानी दिल्ली में उस दिन शास्त्रिय संगीत के रसिया नेहरू पार्क का रुख कर रहे थे जाकिर हुसैन के जादू को देखने के लिए।

# अब किसे कहेंगे 'वाह उस्ताद'

उस्ताद जाकिर हुसैन का एक चित्र महान कथक नृतक बिरजू महाराज के राजधानी के शाहजहां रोड के फ्लैट में ड्राइंग रूम में लगा हुआ था। उसमें उस्ताद जाकिर हुसैन और बिरजू महाराज खिलखिला रहे हैं। उसे देखकर बिरजू महाराज कहते थे, उस्ताद जाकिर हुसैन से बेहतर तबला वादक अब कोई पैदा नहीं होगा। ये दोनो ही अपनी-अपनी कलाओं के महारथी थे, और जब वे साथ में प्रस्तुति करते, तो एक जादुई माहौल बन जाता था। उस्ताद जाकिर हुसैन की मृत्यु से सारा देश उदास है। वे सर्वप्रिय थे। उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी अद्भुत तकनीक और तबले पर महारत के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनकी लय और ताल की समझ अविश्वसनीय थी। वे जटिल तालों को भी सहजता से बजाते थे, जिससे संगीत में एक अलग ही रंगत आ जाती थी। जाकिर हुसैन का संगीत सिर्फ तकनीकी कौशल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं की गहराई भी है। उनकी हर थाप में एक कहानी छिपी होती है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाती है। वो फरवरी का महीना था और साल था 2012 । दिल्ली में जाड़ा पड़ रहा था। उस दिन राजधानी के शास्त्रीय संगीत के रसिया नेहरू पार्क का रुख कर रहे थे उस्ताद जाकिर हुसैन के जादू को देखने के लिए।

उस्ताद जाकिर हुसैन ने अपनी उंगलियों और हथेलियों से ऐसी ध्वनियां निकालीं, जो पहले कभी नहीं सुनी गईं थीं। दरअसल उस दिन तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन ने नेहरू पार्क में शिव कुमार शर्मा के साथ जुगलबंदी पेश की थी। करीब 500 संगीत प्रेमियों के बीच जब दोनों उस्तादों ने तान छेड़ी तो फिर जो समां बंधा उसे कौन शब्दों में बयां कर कर सकता है। करीब दो घंटे की गुगलबंदी में दोनों उस्तादों ने अपने चाहने वालों की भरपूर तालियां बटोरीं। अफसोस कि उस जुगलबंदी के दोनों उस्ताद अब संसार में नहीं रहे। उस्ताद जाकिर हुसैन दिल्ली में बीती आधी सदी से भी अधिक समय से अपने कार्यक्रम दे रहे थे। भारतीय संगीत को उनके खास अंदाज की वजह से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली थी। उन्होंने दिल्ली में दर्जनों कंसर्ट पेश किए। वे दशकों से दिल्ली में आ रहे थे। जाकिर हुसैन ने कमानी सभागार में 2019 में एक यादगार प्रस्तुति दी थी। मौका था श्रीराम कला केन्द्र के संस्थापक लाला चरत राम की याद में आयोजित एक कार्यक्रम का। उसमें श्रीराम कला केन्द्र की प्रमुख शोभा दीपक सिंह ने बताया था कि जाकिर हुसैन श्रीराम कला केन्द्र के कार्यक्रमों में अपने पिता उस्ताद अल्लाह रक्खा खान के साथ आते थे।

उस समय वे 15-16 के थे। जाकिर हुसैन ने जब दिल्ली के कमानी सभागार में प्रस्तुति दी, तो वह एक अविस्मरणीय शाम थी। उनके तबले की गूंज पूरे सभागार में छा गई और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कला मर्मज्ञ डॉ. रविन्द्र कुमार उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन का समाचार सुनकर गमगीन हो गए।

कहने लगे, जाकिर हुसैन का कोई सानी नहीं था। उनकी उंगलियां तबले पर ऐसे चलती थी जैसे कोई जादू हो। उनकी लयकारी और ताल की समझ अद्भुत थी। वे हर ताल को नए अंदाज में पेश करने में माहिर थे। उस्ताद जाकिर हुसैन की लय पर पकड़ अद्भुत थी। उनकी उंगलियां तबले पर इस तरह नाचती थी कि हर ताल और लय स्पष्ट और सटीक होती थी। वह पारंपरिक तबला



वादन में तो माहिर थे ही, साथ ही उन्होंने अपनी तकनीक में कई नए तत्वों को भी जोड़ा भी। वे विभिन्न प्रकार की तालों और लय में कुशलता से तबला बजाते थे। उनकी गति अविश्वसनीय थी। वे बहुत तेज गति से तबला बजा सकते थे, लेकिन उनकी सटीकता और स्पष्टता कभी कम नहीं होती। जाकिर हुसैन सिर्फ तबला नहीं बजाते, बल्कि संगीत के साथ संवाद करते थे।


वे अन्य संगीतकारों के साथ मिलकर शानदार संगीत बनाते थे। उनके तबले वादन में गहरी भावनाएं होती थीं। वे अपनी कला से खुशी, दुख, उत्साह और शांति जैसे विभिन्न भावों को व्यक्त कर सकते थे। वे भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ जैज़ और फ्यूजन संगीत में भी माहिर थे। उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों के संगीत को एक साथ मिलाकर एक नई शैली बनाई। जाकिर हुसैन ने कई युवा तबला वादकों को प्रेरित किया। उन्होंने तबला वादन को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते थे। उन्होंने तबले वादन के क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए और इस कला को आगे बढ़ाया। वे दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और सम्मानित तबला वादकों में से एक थे। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान जीते हैं। इतने बड़े कलाकार होने के बावजूद, जाकिर हुसैन बहुत ही सरल और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने संगीत के प्रति पूरी तरह से समर्पित थे और हमेशा सीखने के लिए तैयार रहते थे। वे अपने संगीत और दर्शकों के प्रति गहरा प्यार रखते थे। वे दर्शकों के सवालों के जवाब देते थे, उनसे बतियाते थे। उस्ताद जाकिर हुसैन को भारत और दुनियाभऱ में बसे उनके चाहने वाले सदैव याद रखेंगे।

जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च, 1951 को मुंबई में हुआ था। वे उस्ताद अल्लाह रक्खा खान के पुत्र थे, जो खुद एक प्रसिद्ध तबला वादक थे। जाकिर ने तबला बजाना तभी शुरू कर दिया था जब वे ड्रम तक पहुंच सकते थे। अपने पिता के साथ उनका अध्ययन गहन था 'आप दिन के 24 घंटे संगीत के माहौल में बड़े होते हैं,' उन्होंने कहा, 'और आपको कुछ और करने की ज़रूरत नहीं है।' उन्हें एक नवोन्मेषक के रूप में याद किया जाएगा। वे नवाचार को निरंतरता के साथ संतुलित करने की आवश्यकता को समझते हैं: 'आपको अपनी परंपरा के बहुत करीब रहना होगा, लेकिन साथ ही दुनिया की पेशकश में से कुछ को शामिल करने में भी सक्षम होना चाहिए। अब समय आ गया है कि भारतीय संगीत को बाहर की ओर देखना चाहिए, न कि केवल बाहरी दुनिया को भारतीय संगीत से उधार लेने देना चाहिए। जाकिर हुसैन ने न्यूयॉर्क शहर के फिलमोर ईस्ट में रवि शंकर के साथ अपना पहला अमेरिकी प्रदर्शन किया। न्यूयॉर्क में रहते हुए, उनकी मुलाकात गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन से हुई और उनकी दोस्ती ने शक्ति नामक एक संगीत समूह का गठन किया, जिसमें भारतीय वायलिन वादक एल. शंकर भी शामिल थे। पिछले कुछ वर्षों में, जाकिर हुसैन ने कुछ महान भारतीय संगीतकारों के साथ काम किया है और लंदन स्ट्रिंग चौकड़ी और वैन मॉरिसन जैसे विविध कलाकारों के साथ सहयोग किया। उनके हिस्से में दुनिया के तमाम प्रमुख पुरस्कार आए। 1991 में, उन्हें भारत के प्रमुख सांस्कृतिक संस्थान द्वारा संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित किया गया और 1996 में वे अटलांटा में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के लिए संगीत रचना में शामिल थे। 73 साल की उम्र में जाकिर हुसैन का निधन हो गया। जाकिर हुसैन ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आखिरी सांस ली। जाकिर हुसैन फेफड़ों से जुड़ी एक गंभीर बीमारी और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज थे। जिसके चलते उन्हें दिल से जुड़ी समस्याएं पैदा हुईं। उनकी कला और संगीत सदियों तक हम सबके दिलों में जीवित रहेंगे।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दो टूक
रवि शंकर




# 'रेवड़ी कल्चर' से बिगड़ रही राज्यों की अर्थव्यवस्था

रेवड़ी कल्चर भले ही चुनाव जीतने और सत्ता पाने की गारंटी बन चुका हो, लेकिन इसका नतीजा ये हो रहा है कि राज्यों की आर्थिक सेहत बिगड़ने लगी है और वो कर्ज के बोझ तले दबने लगे हैं। जाहिर है अगर खर्च ज्यादा और आमदनी कम हो, फिर कर्ज तो लेना ही पड़ेगा। इस तरह की घोषणाएं अक्सर तात्कालिक लाभ तो देती हैं, लेकिन दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण से ये देश की वित्तीय स्थिति पर भारी बोझ डालती हैं। भारत जैसे देश में हर तीन-चार महीने बाद किसी न किसी विधानसभा का चुनाव हो रहा होता है और इस नाते राजनीतिक दलों में चुनाव जीतने के लिए रेवड़ी संस्कृति बढ़ती जा रही है। जो वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के रास्ते में एक बड़ी बाधा है। मालूम हो, देश के दक्षिण राज्यों खासकर तमिलनाडु में सबसे पहले मुफ्त बांटने की सियासत शुरू हुई। यहां चुनाव जीतने के लिए मंगलसूत्र, टीवी, प्रेशर कुकर, वॉशिंग मशीन और साड़ी फ्री में बांटी जाने लगी। तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के कार्यकाल में अम्मा कैंटीन खूब फली-फूली। दक्षिण भारत के बाद अब ये 'रेवड़ी कल्चर' उत्तर भारत के साथ-साथ पूरे देश में वोट पाने का एक शॉर्टकट जरिया बन चुका है। वोटरों को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों ने मुफ्त बिजली-पानी, अनाज, लैपटॉप, मोबाइल, स्कूटी और बेरोजगारी भत्ता को हथियार बनाया। इसका नतीजा ये हुआ कि आज कई राज्यों की अर्थव्यवस्था कर्ज के बोझ तले दबने लगी है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि यूरोप के कुछ विकसित देश इसी रेवड़ी संस्कृति के कारण आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भारत के पड़ोस में ही श्रीलंका, पाकिस्तान का भी इसी रेवड़ी संस्कृति ने बुरा हाल किया है। अपने देश में ही देखा जाए तो कई राज्य सरकारें इस रेवड़ी संस्कृति के कारण लगभग दीवालिया होने की कगार पर हैं। उनका बजट घाटा बढ़ता जा रहा है, लेकिन वे मुफ्तखोरी की राजनीति का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं। सुप्रीम कोर्ट से लेकर चुनाव आयोग तक मुफ्त की योजनाओं की वजह से आर्थिक असंतुलन और विकास पर पड़ने वाले विपरीत असर को लेकर चिंता व्यक्त करते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त 2022 में इस मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि चुनाव आयोग ने इस मामले में समय रहते कदम उठाया होता है तो शायद कोई भी राजनीतिक दल ये हिम्मत नहीं करता। लेकिन अब मुफ्त रेवड़ियां बांट कर वोट बटोरना भारत के राजनीतिक दलों का मुख्य हथियार बन गया है। अहम प्रश्न ये है कि लोकलुभावन वादों को नैतिक माना जाए या अनैतिक? क्या इन पर रोक नहीं लगनी चाहिए? इसे लेकर देश में दशकों से प्रश्न उठाए जाते रहे हैं। इस पर राजनीतिक दलों की राय अलग-अलग है। मुफ्त के वादे करने वाले दलों का तर्क है कि देश के विकास और समाज में समानता लाने के लिए ऐसा करना जरूरी है, अन्यथा समाज में विषमता बनी रहेगी। वहीं, विरोध करने वालों का कहना है कि ऐसी घोषणाएं आर्थिक ढांचे को कमजोर करने और असंतुलन बढ़ाने के अतिरिक्त कुछ नहीं करतीं। सुप्रीम कोर्ट भी इस मुद्दे पर एक राय व्यक्त नहीं कर सका है। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भी 'रेवड़ी कल्चर' से देश को होने वाले नुकसान को लेकर आगाह कर चुका है। 'स्टेट फाइनेंसेसः अ रिस्क एनालिसिस' नाम से आई आरबीआई की रिपोर्ट की मानें तो पंजाब, राजस्थान, केरल, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की हालत डांवाडोल है। सब्सिडी पर राज्य सरकारों के खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे कर्ज बढ़ता जा रहा है। सब्सिडी पर सबसे ज्यादा खर्च उत्तर प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, केरल और तेलंगाना ने किया। वहीं पंजाब, गुजरात और छत्तीसगढ़ सरकार ने सब्सिडी पर अपने रेवेन्यू एक्सपेंडिचर का 10 फीसदी से ज्यादा खर्च किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकारें सब्सिडी की बजाय मुफ्त दे रही हैं, जिससे फ्री पानी, फ्री बिजली, बिल माफी और कर्ज माफी से सरकारों को कोई कमाई नहीं हो रही है। उल्टे सरकार को इस पर खर्च करना पड़ रहा है। बहरहाल, वर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा है कि राजनीतिक दलों ने 'रेवड़ी कल्चर' को अपना अधिकार समझ लिया है। उन्हें ये ध्यान रखना चाहिए कि जनता को जानने का अधिकार है कि उससे किए जा रहे वादे कैसे पूरे होंगे? उनके लिए धन कहां से आएगा? साथ ही, उन्होंने इस बाबत उम्मीदवारों या संबंधित राजनीतिक दलों से एक प्रपत्र भरवाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात भी कही है। चुनाव आयोग के इस रुख से उम्मीद जगी है कि देरे-सबेर 'रेवड़ी कल्चर' पर रोक लगेगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर के सान्निध्य में ही मिलता है आत्मबल



संकलित
## दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# मंत्र का असर



संकलित
## प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश का हिंदू किसके भरोसे?

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही संकट बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं, बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। बांग्लादेश, जो कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भारत का घनिष्ट पड़ोसी है, वहां अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। *- सतीश जायसवाल, दुर्ग*

## करंट अफेयर


# भारतीयों के लिए द. अफ्रीका में पर्यटन की संभावनाएं

दक्षिण अफ्रीका की पर्यटन मंत्री पैट्रिसिया डी लिली ने हाल में भारत की यात्रा से लौटने के बाद कहा कि भारतीय बाजार के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में दक्षिण अफ्रीका में अपार संभावनाएं हैं। डी लिली ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य भारतीय पर्यटन व्यापारियों, टूर ऑपरेटर और संघों, कारोबारी दिग्गजों और मीडिया के साथ सीधे संपर्क स्थापित करना था। इस मकसद था कि भारत से दक्षिण अफ्रीका आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी के लिए निकट सहयोग से काम किया जा सके। डी लिली ने कहा, 'इस मिशन का उद्देश्य पर्यटन उद्योग के दिग्गजों और पर्यटन मूल्य श्रृंखला में अन्य प्रासंगिक हितधारकों के साथ संवाद के माध्यम से संबंध बनाना तथा पर्यटन को आर्थिक विकास के एक उपकरण के रूप में महत्व देना था।' उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता के दौरान यहां पर्यटन संबंधी स्थलों को बढ़ावा देने पर भी टिप्पणी की। दक्षिण अफ्रीका ने इस वर्ष एक दिसंबर को ब्राजील से जी-20 समूह की अध्यक्षता संभाली।



## ऑफ बीट

# गर्म होती दुनिया में पक्षी अपना स्वरूप बदल रहे



हालिया शोधों से पता चला है कि, तापमान वृद्धि के कारण, समय के साथ ऑस्ट्रेलियाई पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियों के शरीर छोटे और चोंच बड़ी हो गई हैं। जब हम आकार बदलने की बात करते हैं, तो हम 'वेयरवुल्फ' (एक व्यक्ति जो कुछ समय के लिए भेड़िये में बदल जाता है) या 'एंट-मैन' की बात नहीं कर रहे हैं। बल्कि, हम शरीर के आकार के छोटे होने और चोंच, पूंछ जैसे उपांगों के बड़े होने की बात कर रहे होते हैं। इससे जीवों को ज्यादा गर्मी को अधिक कुशलता से सहन करने में मदद मिलती है। जिस प्रकार रेडिएटर में गर्म पानी की पाइप परिधि के माध्यम से आंतरिक गर्मी को फैलाने में मदद करती है, उसी प्रकार पक्षियों की चोंच रक्त वाहिकाओं से जुड़ी होती है जो गर्मी को शरीर से चोंच तक स्थानांतरित करती है, जहां से यह पर्यावरण में घुल जाती है। इस तरह, रेडिएटर और चोंच दोनों के लिए, संरचना के सतह क्षेत्र को बढ़ाने से गर्मी का लोप अधिकतम हो जाता है। शरीर के आकार और गर्मी के लोप के बीच संबंध के कारण यह अनुमान लगाया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वक्त के साथ जानवरों के शरीर का आकार बदल जाएगा।

## ट्रेंड

### वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि



आज, विजय दिवस पर, हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया था। यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अटल भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान हमेशा प्रेरित करेगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### घोटालों से पहचान



मध्य प्रदेश की पहचान आज घोटालों से हो गई है। किसान के साथ खाद और बीज में घोटाला, नौजवानों के साथ रोज़गार में घोटाला और हर काम में घोटाला। किसान खाद बीज और फसल के सही दाम के लिए परेशान हो रहे हैं।

-कमलनाथ, पूर्व सीएम मप्र

### भ्रष्टाचार और भूमाफिया



बरेली में लापता लेखापाल का सिर नाले में मिलने के बाद परिजनों ने उप्र के अंदर चल रही उस सांठगांठ पर अंदेशा जताया है जिसके एक छोर पर सरकारी भ्रष्टाचार और दूसरे छोर पर भूमाफिया है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### ज़ाकिर के निधन पर दुख



जाकिर हुसैन के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। एक सच्चे उस्ताद के रूप में, मंच पर उनकी उपस्थिति किसी रॉक स्टार से कम नहीं थी। उन्होंने भारतीय और वैश्विक संगीत पर अमिट छाप छोड़ी।

-अनिल कपूर, अभिनेता

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मुक्का मारकर तोड़ सकती हैं जबड़ा



**मुंबई।** अभिनेत्री रितिका सिंह दक्षिण भारतीय और हिंदी फिल्मों में अभिनय करती हैं। छोटे से करियर में ही उन्होंने बतौर अभिनेत्री अपने लिए एक खास जगह सिनेमा जगत में बना ली है। रितिका सिंह अब तक कई दिग्गज कलाकारों के साथ बड़े पर्दे पर नजर आ चुकी हैं। रितिका सिंह को बनना तो किक बॉक्सर या मिक्स मॉर्शल आर्टिस्ट था लेकिन उनकी किस्मत में सिनेमा जगत का हिस्सा बनना लिखा था। आज अभिनेत्री रितिका सिंह का जन्मदिन (16 दिसंबर 1994) है। इस मौके पर जानिए, रितिका सिंह की एक्टिंग जर्नी के बारे में। बचपन से ही किक बॉक्सिंग, मॉर्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेने वाली रितिका ने सुपर फाइट लीग जैसे कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया। इस कॉम्पिटिशन के एक एड पोस्टर में उन्हें निर्देशक सुधा कोंगरा ने देखा। वह उस दौरान एक फिल्म बनाने जा रही थीं। रितिका को एड पोस्टर पर देखकर उन्हें लगा कि उनकी फिल्म के लिए यही लड़की सही है।




# ...तो उस्ताद जाकिर हुसैन निभाते
## मुगल-ए-आजम में युवा सलीम का किरदार



**स्मृति शेष...**

*जाने-माने तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन अब हमारे बीच नहीं हैं। तबले को दुनियाभर में उन्होंने अलग पहचान दिलाई है। हुसैन साहब भारत के पहले तबला वादक हैं, जिन्हें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ऑल-स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में हिस्सा लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। आइए जानते हैं उनके जीवन से जुड़े अहम पहलू...*

**बचपन में रसोई के बर्तन पलटकर बनाने लगते थे धुन**

**डेढ़ दिन के जाकिर हुसैन की कान में पिता ने गाया था ताल**

**भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित जीत चुके हैं 3 ग्रैमी**

**नई दिल्ली।** बचपन में ही जाकिर हुसैन के जुनून के संकेत मिलने लगे थे। उन्होंने 3 साल की उम्र में तबला बजाना सीखना शुरू किया था। 7 साल की उम्र में वे अच्छे से तबला बजाने लगे थे और 10 साल की उम्र में तो वे बाकायदा अलग-अलग जगहों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके थे। हुसैन की जिंदगी पर 'जाकिर एंड हिज तबला धा धिन दा' नाम से किताब लिखने वाली संध्या राव द हिंदू को बताती हैं कि वह बचपन में कोई भी प्लेन जगह देखकर ऊंगलियों से धुन बजाने लगते थे। कभी वह अपनी मां के गाल पर तो कभी कुर्सी की बांह पर थाप देने लगते थे। उनकी इस आदत से रसोई के बर्तन भी नहीं बचे थे। कभी तवा, तो कभी हांडी जो उनके हाथ लग जाता, उसे बजाने लगते। इसी धुन में कई तो गलती से खाना रखे बर्तनों को भी पलट देते थें और उनके पूरे शरीर पर दाल सब्जी गिर जाती थी।



### 9 मार्च को हुआ था मुंबई में जन्म

हुसैन साहब का जन्म 9 मार्च, 1951 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता का नाम उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था। जन्म के डेढ़ दिन बाद बावी बेगम बेटे को उसके पिता की गोद में सौंपा। परंपरा के अनुसार उन्हें अपने बेटे के कानों में आशीर्वाद के कुछ शब्द कहने थे। लेकिन उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी ने अपने बेटे के कान में आर्शीवाद के बदले तबला के ताल गए। उन्होंने कहा, 'यही मेरी प्रार्थनाएं हैं।' तब शायद जाकिर हुसैन के पिता को अंदाजा भी नहीं था कि उनका बेटा बड़ा होकर दुनिया भर में तबला का मास्टर बनेगा।

### पिता से मिली शुरुआती तालीम

जाकिर हुसैन के पिता उस्ताद अल्ला रक्खा अपने आप में म्यूजिक स्कूल थे। जाकिर हुसैन को शुरुआती तालीम अपने पिता से ही मिली। उन्होंने अपने बेटे को बचपन में ही अलग-अलग संगीत घरानों का फर्क समझा दिया था, तलब के साथ संतुलन बनाना सिखा दिया था। बाद में उन पर उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ, ख़लीफ़ा वाजिद हुसैन, कंठा महाराज, शांता प्रसाद जैसे दिग्गजों का प्रभाव पड़ा।

### यह मिला सम्मान

जाकिर हुसैन को भारत सरकार ने 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया था। उन्हें 1990 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप और 2018 में रत्न सदस्य से भी सम्मानित किया गया था। उन्हें 1999 में 'यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल एंडॉमेंट फॉर द आर्ट्स'की 'नेशनल हेरिटेज फेलोशिप' से सम्मानित किया गया था, जो कलाकारों को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। जाकिर हुसैन को 5 ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उन्हें फरवरी 2024 में तीन ग्रैमी अवॉर्ड मिले थे. जाकिर हुसैन ने कथक डांसर और टीचर एंटोनिया मिनेकोला से शादी की थी, जो उनकी मैनेजर भी हैं. उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरेशी और इसाबेला कुरैशी।

### मुगल-ए-आज़म में बनने वाले थे सलीम

फिल्म निर्माता के. आसिफ चाहते थे कि जाकिर हुसैन उनकी फिल्म मुगल-ए-आजम (1971) में युवा सलीम की भूमिका के लिए ऑडिशन दें। कास्टिंग का अंतिम निर्णय होने से ठीक पहले, हुसैन के पिता ने अपना विरोध जताया और कहा कि वह फिल्मों में अभिनय नहीं कर सकते। हालांकि, बाद में हुसैन ने जेम्स आइवरी की हीट एंड डस्ट (1983) और सई परांजपे की साज़ (1998) में अभिनय किया। हुसैन ने बर्नार्डो बर्तोलुची (लिटिल बुद्धा), अपर्णा सेन (मिस्टर एंड मिसेज अय्यर) और इस्माइल मर्चेंट (इन कस्टडी और द मिस्टिक मस्सेर) जैसे फिल्म निर्माताओं के लिए भी संगीत दिया।

# 'मुफासाः द लायन किंग' की शुरू हुई एडवांस बुकिंग

**नई दिल्ली।** 'मुफासाः द लायन किंग' फिल्म की रिलीज 20 दिसंबर को होने वाली है। इस फिल्म की रिलीज होने में सिर्फ एक हफ्ते का समय बचा है तो प्रशंसकों के पास जश्न मनाने का कारण है। फिल्म की बुकिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। इस फिल्म में शाहरुख खान के बेटे अबराम ने मुफासा के बेटे को आवाज दी है। साल 2019 में आई फिल्म 'द लॉयन किंग' के पिछले हिस्से पर आधारित है। इस फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। दर्शक अब इस फिल्म की टिकट बुक कर अपनी सीट रख सकते हैं। फिल्म में अबराम के अलावा शाहरुख खान, आर्यन खान ने भी आवाज दी है। 'मुफासाः द लायन किंग', मुफासा की कहानी है। वह जंगल के प्राइड लैंड्स की बन जाती है। ये एक अनाथ शेर के बच्चे की कहानी है। एक अनाथ शावक कैसे राजा बन जाता है। इस कहानी को देखने के लिए बच्चे और उनके अभिभावक उत्साहित हैं।












*महाकुंभ 2025 का औपचारिक शुभारंभ होने के बाद हाल में मेला क्षेत्र में सबसे पहले जूना अखाड़े के संतों ने छावनी प्रवेश किया और अब संगम की रेती पर 45 दिन माघ के महीने में कड़ाके की ठंड में तप करने के लिए कुटिया बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। चौदह वर्ष से अनोखी तपस्या करने वाले हठयोगी महन्त श्री राधेपुरी उर्ध्वबाहु जी पहुंचे हैं।*

*महाकुंभ के औपचारिक शुभारंभ होने के बाद मेला क्षेत्र में सबसे पहले जूना अखाड़े के संतों ने किया छावनी प्रवेश*

# 14 साल से दाहिना हाथ उठाकर तपस्या कर रहे हैं उर्ध्व बाहु जी महाराज

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

मध्य प्रदेश के आगर जनपद में स्थित आनन्द धाम आश्रम आमला के रहने वाले श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा के महन्त श्री राधेपुरी उर्ध्व बाहु जी महाराज ने बताया कि वर्ष 2011 से विश्व कल्याण एवं समाज कल्याण के लिए गुरू जी का आशीर्वाद से यह कठिन तप शुरू किया। मैं दाहिना हाथ उठाए हुए हैं। वह दाहिने हाथ से कोई कार्य नहीं करते हैं। इस समय हाथ के नाखून बड़े होकर सूख चुके है। हाथ में ब्लड का संचार इस समय बंद हो चुका है, जिससे हड्डियां भी अब सूखने लगी हैं। हम संत तपस्या जन कल्याण के लिए करते हैं, विश्व में शांति रहे और विश्व में कोई आपदा न आने पाए, इसके लिए गुरु महाराज से यही कामना करते रहते हैं। इससे पूर्व में भी दूसरा अन्य हठयोग कर चुके हैं।

**अब संगम की रेती पर 45 दिन माघ के महीने में कड़ाके की ठंड में तप करने के लिए कुटिया बनाने का कार्य शुरू**

13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा प्रयागराज महाकुंभ



### हठयोग सबसे कठिन तपस्याः रविन्द्र पुरी महाराज

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी महाराज ने कोई ज्ञान मार्ग से ईश्वर को प्राप्त करता है, कोई भक्ति मार्ग और कोई हठयोग के माध्यम से तपस्या करते हैं। संतों के हठ योग के अलग—अलग आसन होते हैं। कोई खड़े रहते हैं, कोई हाथ ऊपर उठाए रहता है। उनका मानना है कि उनका उसी में आनंद है और उनकी श्रद्धा है, वह उसी रास्ते से ईश्वर को प्राप्त करना चाहते हैं। एक संत शम्भू पुरी जी महाराज हैं, वह तीन वर्ष तक दोनों पैरों पर खड़े रहे और उनके दोनों पैर का बाद में ऑपरेशन कराना पड़ा, हालांकि पुनः स्वस्थ होने के बाद, वे पुनः उसी आसन पर अपनी तपस्या करने लगे। इसी तरह एक संत हैं जो चौदह वर्ष से एक हाथ को ऊपर उठाए हुए हैं और ईश्वर की प्रार्थना में लगे हुए हैं।

### महाकुंभ के मुरीद हुए जापान स्पेन व नेपाल से आए विदेशी संत

प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन के पहले महाकुंभनगर में देश के कोने कोने से आए साधुओं के अलावा विदेश से भी साधु संतों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। अखाड़ों की धर्म ध्वजा, नगर प्रवेश और कुंभ छावनी प्रवेश यात्रा की परंपरा में विदेशी साधु-संत भी महाकुंभ पहुंचे हैं। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में शामिल होने आए विदेशी संतों को महाकुंभ रास आ रहा है। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोम गिरि उर्फ पायलट बाबा की जापानी शिष्या योग माता एवं महामंडलेश्वर केको कई जापानी साध्वी के साथ छावनी प्रवेश में शामिल हुईं। उनका कहना है कि एयर कनेक्टिविटी से लेकर ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था अच्छी है। नेपाल से आईं महिला संत और जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर हेमानंद गिरि का कहना है कि संतों का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम की सुरक्षा में तैनात रहेंगी तीन डीजल बख्तरबंद गाड़ियां



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को विशेष सुरक्षा समूह से संबंधित तीन विशेष बख्तरबंद डीजल वाहनों की पंजीकरण अवधि पांच वर्ष के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ एसपीजी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश को चुनौती दी गई थी। जिसमें एक दशक से ज्यादा पुराने उसके वाहनों के पंजीकरण की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया गया था।

### बांसुरी स्वराज को कोर्ट ने भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज को नोटिस जारी किया गया है। आप नेता सत्येंद्र जैन की याचिका पर भाजपा सांसद को राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को क्रिमिनल डिफेमेशन नोटिस जारी किया। सत्येंद्र जैन ने आरोप लगाया है कि बांसुरी स्वराज ने 5 अक्टूबर 2023 को एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### शो कैंसिल होने पर बोले बावा देश किसी एक का नहीं



**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर रंजीत बावा का हिमाचल में शो कैंसिल होने पर दर्द छलका है। सिंगर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर नाराजगी जताई। रंजीत बावा ने कहा कि कुछ लोगों ने पॉलिटिक्स खेलकर हिंदू-सिख का मुद्दा बनाया। बावा ने कहा कि जिस गाने को लेकर मेरा विरोध किया जा रहा है, उसे मैं 4 साल पहले ही डिलीट कर चुका हूं। कलाकार लोगों के मनोरंजन के लिए होता है, लेकिन उनका विरोध करने वाले (विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल) नफरत का सबूत दे रहे हैं।

**ईवीएम के मुद्दे पर इंडिया ब्लॉक में दो फाड़!**

जम्मू-कश्मीर के सीएम अब्दुल्ला ने भी इस मुद्दे पर कांग्रेस पर साधा था परोक्ष निशाना

# नेकां के बाद अब टीएमसी ने भी कर लिया कांग्रेस से किनारा

*जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बाद टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के आरोपों को खारिज कर दिया है। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग कर रही है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को संसद भवन परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, 'जो लोग ईवीएम पर सवाल उठाते हैं, अगर उनके पास कुछ है तो उन्हें चुनाव आयोग के पास जाकर डेमो दिखाना चाहिए. अगर ईवीएम रैंडमाइजेशन के समय काम ठीक से किया गया है, और बूथ पर काम करने वाले लोग मॉक पोल और गिनती के दौरान जांच करते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि इस आरोप में कोई दम है।' टीएमसी सांसद ने आगे कहा, 'अगर फिर भी किसी को लगता है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है, तो उन्हें चुनाव आयोग से मिलना चाहिए और बताना चाहिए कि ईवीएम को कैसे हैक किया जा सकता है। सिर्फ अनाप-शनाप बयान देकर कुछ नहीं किया जा सकता।' अभिषेक की यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और इंडिया ब्लॉक के सदस्य उमर अब्दुल्ला द्वारा ईवीएम पर कांग्रेस की आपत्तियों को खारिज करने के एक दिन बाद आई है।





**कांग्रेस देशभर में फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की कर रही है मांग**

#### भाजपा ने लपका मुद्दा

भाजपा नेता अमित मालवीय ने तुरंत अभिषेक बनर्जी के बयान को लपक लिया और दावा किया कि इससे कांग्रेस ईवीएम मुद्दे पर अलग-थलग पड़ गई है। मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'उमर अब्दुल्ला के बाद, अगर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे, जो पुलिस और राज्य मशीनरी का उपयोग करके डायमंड हार्बर में खुलेआम जनादेश की चोरी करते हैं, दावा करते हैं कि ईवीएम में हेरफेर नहीं किया जा सकता है, तो कांग्रेस और राहुल गांधी गंभीर संकट में हैं। वे पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए हैं।'

**ये है मामला**

बता दें कि हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में चुनावी हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह जताया था। महा विकास अघाड़ी में शामिल उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने भी बीजेपी पर ईवीएम के जरिए चुनाव परिणाम बदलने का आरोप लगाया था।

#### सीएम बनते ही बदल गए उमर : कांग्रेस

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने हाल ही में कहा था कि राजनीतिक दल चुनाव जीतने पर ईवीएम की तारीफ नहीं कर सकते और हारने पर उन्हें दोष नहीं दे सकते हैं। अब्दुल्ला ने इंडिया गठबंधन के अपने साथ दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि अगर आपको ईवीएम पर भरोसा नहीं है तो आप चुनाव मत लड़िए, जिसके बाद कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने सोमवार को उन पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें अपने तथ्यों की जांच करना चाहिए, 'समाजवादी पार्टी, एनसीपी और शिवसेना-यूबीटी ने ईवीएम के खिलाफ बोला है। लोकसभा में पार्टी के सचेतक टैगोर ने यह सवाल भी किया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उमर का अपने सहयोगी दलों के प्रति ऐसा रवैया बदल क्यों गया है? टैगोर ने अब्दुल्ला के इस साक्षात्कार का वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर रिपोस्ट करते हुए कहा, 'यह समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) हैं जिन्होंने ईवीएम के खिलाफ बात की है। मुख्यमंत्री अमर अब्दुल्ला, कृपया अपने तथ्यों की जांच करें।

# सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल कोई खास धार्मिक नारा लगाना अपराध कैसे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूछा कि 'जय श्री राम' का नारा लगाना कैसे आपराधिक कृत्य है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इस याचिका में कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें मस्जिद के अंदर कथित तौर पर जय श्री राम का नारा लगाने के लिए दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही 13 सितंबर को रद्द कर दी गई थी। शिकायतकर्ता हैदर अली सी एम द्वारा दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पूछा, वे एक विशेष धार्मिक नारा लगा रहे थे या नाम ले रहे थे। यह अपराध कैसे है?

■ मस्जिद के अंदर कथित तौर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर याचिका



#### कोर्ट ने पूछा- प्रतिवादियों की पहचान कैसे की?

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश सीनियर अधिवक्ता देवदत्त कामत से पूछा कि आप इन प्रतिवादियों की पहचान कैसे करते हैं? आप कहते हैं कि वे सभी सीसीटीवी में कैद हुए हैं। पीठ ने आगे पूछा कि अंदर आने वाले व्यक्तियों की पहचान किसने की? पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट ने पाया कि आरोप भारतीय दंड संहिता की धारा 503 या धारा 447 के प्रावधानों को नहीं छूते हैं।

#### क्या है पूरा मामला?

*आरोप है कि घटना 24 सितंबर 2023 को हुई थी और पुत्तूर सर्कल के कडाबा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ अज्ञात लोग मस्जिद में घुस आए और 'जय श्री राम' के नारे लगाने के बाद धमकियां देने लगे। इस पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपराधों में से किसी भी अपराध के कोई तत्व न पाए जाने पर, इन याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आगे की कार्यवाही की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।*

# किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, कई जगहों पर ट्रेन रोकने की भी कोशिश

**दूसरी ओर किसान नेता डल्लेवाल का आमरण अनशन भी जारी**



**नई दिल्ली।** अपनी 13 मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। किसान हरियाणा के हिसार, सोनीपत, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद और अंबाला में ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और मार्च निकाला। वहीं, कई जगहों पर ट्रेन रोकने की भी कोशिश की गई है। यह मार्च सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निकाला गया। 2 दिन पहले किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालने का ऐलान करते हुए कहा था कि 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने किसानों के आंदोलन पर कहा कि बीजेपी प्रदेश में 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है। आम आदमी पार्टी भी अपने राज्यों में एमएसपी पर फसल खरीदने की गारंटी दे। दूसरी ओर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन भी 20वां दिन भी जारी है।

#### डल्लेवाल ने राष्ट्रपति के नाम लिखा लेटर

किसान नेता डल्लेवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक लेटर लिखा है, जिसकी कॉपी डीसी और एसडीएम को सौंपने वाले हैं। यह अनशन 26 नवंबर को ही शुरू हुआ था। इससे पहले वह 96 घंटों तक पंजाब पुलिस की हिरासत में रहे थे, वहां से रिहा होने के बाद वह खनौरी बॉर्डर पर ही आमरण अनशन पर बैठ गए। बीते दिन सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल की सेहत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि किसानों पर पुलिस बल का इस्तेमाल नहीं किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि पंजाब और केंद्र सरकार को डल्लेवाल की स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराए। इसके बाद डॉक्टरों की टीम लगातार डल्लेवाल पर नजर बनाई हुई है।

**दिल्ली चुनाव में सपा नहीं उतारेगी उम्मीदवार**

# अखिलेश का आप को बिना शर्त समर्थन



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार नहीं उतारेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप को बिना शर्त समर्थन देने की बात कही है। आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक बार फिर नई दिल्ली से चुनावी मैदान में हैं। दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट से चुनाव लड़ रही हैं। आम आदमी पार्टी ने मालवीय नगर से सोमनाथ भारती को उतारा है। ग्रैटर कैलाश से मंत्री सौरभ भारद्वाज प्रत्याशी हैं। बाबरपुर से मंत्री गोपाल राय और तिलक नगर से जरनैल सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। सत्येंद्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, मुकेश कुमार अहलावत सुल्तानपुर माजरा से, रघुविंदर शौकीन नांगलोई जाट से, सोम दत्त सदर बाजार से चुनाव लड़ रहे हैं।

#### आप ने 15 फीसदी महिलाओं को दिया मौका

पांच मुस्लिम समुदाय से उम्मीदवार उतारे हैं। 10 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। यानी 15 फीसदी महिलाओं को जगह दी है। अब आप ने 70 सीट पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। पार्टी ने पहली सूची में 11 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया था। वहीं, दूसरी सूची में 20 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए। पार्टी ने अपनी तीसरी सूची में एक नाम की घोषणा की थी।

#### पिछले चुनाव में आप ने 70 में से जीती थीं 62 सीटें

अगले साल फरवरी में दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव होना है। जिसकी तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी पूरे जोश में काम कर रही है। अभी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान अभी हुआ नहीं है। 2020 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं। भाजपा के खाते में 8 सीटें गई थीं, जबकि कांग्रेस के हाथ खाली रहे थे।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# चीन के दौरे पर जाएंगे एनएसए डोभाल, 5 साल बाद भारतीय अधिकारी का दौरा

*सीमा विवाद सुलझाने पर चीनी विदेश मंत्री से करेंगे चर्चा*



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल 17 दिसंबर से चीन का दौरा करेंगे। वह लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) को लेकर विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता के लिए चीन जा रहे हैं। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारत और चीन सीमा को लेकर यह बैठक 17 और 18 दिसंबर को होगी। इस दौरान डोभाल चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ चर्चा करेंगे। इस यात्रा को दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है। गलवान झड़प के बाद यह विशेष प्रतिनिधि स्तर की पहली वार्ता होगी। दोनों देशों के बीच आखिरी बार विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता दिसंबर 2019 में हुई थी।

#### दिल्ली में हुई मीटिंग के बाद हो रही मुलाकात

यह वार्ता हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित हुए वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन (डब्लूएमसीसी) बैठक के दौरान आपसी सहमति से आयोजित की जा रही है। एक स्थायी समाधान खोजना दोनों देशों के लिए अहम है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों से एलएसी पर तनाव से द्विपक्षीय संबंध खराब हुए हैं। जानकारों का मानना है कि यह वार्ता दोनों देशों के लिए एक अहम मील का पत्थर साबित हो सकती है, क्योंकि इससे न सिर्फ शांतिपूर्ण समाधान के लिए नए रास्ते खुलेंगे, बल्कि क्षेत्र में स्थिरता भी बढ़ेगी। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या इस वार्ता से दोनों देशों के बीच ठोस और सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email-bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# मुर्गा लड़ाई देखने गए ग्रामीण का अज्ञात लोगों ने रेता गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र निवासी ग्रामीण की अज्ञात लोगों ने गला रेंतकर हत्या का प्रयास किया। ग्रामीण पर हमला कर हमलावार उसे अधमरा छोड़कर फरार हो गए। घायल ग्रामीण को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए मेकाज में मौजूद गंभीर रूप से घायल रति राम की बेटी मल्लिका ने बताया कि पिता रविवार को गीदम बाजार में मुर्गा लड़ाई देखने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान देर शाम वापसी के दौरान अज्ञात हमलावरों ने मुर्गाबाजार में मौजूद लोगों ने सामने से उनके गले को काट दिया।

हमले में रतिराम को लहूलुहान हालात में देख गाव के सरपंच ने पुलिस के साथ ही परिजनों को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुँची पुलिस द्वारा घायल को गीदम अस्पताल ले जाया गया जहाँ से उसकी खराब हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर कर दिया गया जाहं उसका उपचार जारी है।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

## कांग्रेस नेता को मंच पर जाने से मना करने पर विवाद

# करमतरा गांव में माता देवाला यात्रा के दौरान मचा बवाल, तीन कलाकार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम करमतरा गांव में आयोजित माता देवाला यात्रा के समापन कार्यक्रम के मंच पर कांग्रेसियों के बीच जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान तीन कलाकार मारपीट में घायल हो गए। इधर विवाद को बढ़ता देख विधायक दलेश्वर साहू मंच के पीछे से कार्यक्रम छोड़कर रवाना हो गए। इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में माता देवाला यात्रा आयोजित की जा रही है। इस यात्रा की शुरूआत इस विस के छुईखदान गांव से हुई थी और रविवार को करमतरा गांव में इसका समापन कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें अलका चंद्राकर का जगराता और पटपर वालों के जस गीत-झांकी का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के मंच पर विधायक दलेश्वर साहू सहित पूरा परिवार उपस्थित था। बताया जाता है कि गांव के कांग्रेस नेता रामकुमार साहू जब मंच पर चढ़ रहे थे तो वहां मौजूद पुलिस जवान ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस नेता के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेसी नेता रामकुमार ने जब पुलिस द्वारा की गई बदसूलकी की जानकारी मंच पर बैठे विधायक दलेश्वर और उसके पुत्र से की तो उन्होंने गंभीरता नहीं दिखाई। जिससे रामकुमार साहू सहित पूरा गांव आक्रोशित हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंच पर चढ़कर जमकर बवाल भी मचाया। गुस्साए ग्रामीण डोंगरगांव के कांग्रेस नेता सद्दाम खत्री को खोज रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि सद्दाम खत्री ने ही पुलिस को रामकुमार को मंच से उतारने के लिए कहा था।

### विधायक साहू ने कहा: नशे में थे उपद्रवी

विधायक दलेश्वर साहू ने बताया माता देवाला कार्यक्रम के दौरान कुछ उपद्रवियों ने नशे में धुत होकर बवाल मचाया है। मैं यदि समय पर वहां से नहीं निकलता तो गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती। ग्रामीणों ने पुलिस को भी बंधक बना लिया था। सीएसपी से मैंने कार्यक्रम के लिए पर्याप्त सुरक्षा मांगी थी, लेकिन दो जवान को ही भेजा गया था। पुलिस की लापरवाही इस घटना में उजागर हुई है।

### पुलिस जवानों को बनाया बंधक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्रामीण इस मामले से इतने अधिक आक्रोशित थे कि उन्होंने पुलिस के दो जवानों को भी बंधक बना दिया था। विधायक दलेश्वर साहू ने आनन-फानन में लालबाग टीआई को फोन के जरिये घटना की जानकारी दी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर बंधक बने जवानों को छुड़वाया।

### कांग्रेसियों ने मचाया हंगामा

करमतरा में माता देवाला यात्रा कार्यक्रम के दौरान मंच पर कांग्रेसियों द्वारा हंगामा करने की जानकारी मिली थी। पुलिस जवानों द्वारा किसी से कुछ बदसूलकी नहीं की गई है। मंच छोटा था, भीड़ अधिक होने से बवाल हुआ होगा। मामले की अब तक किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। शिकायत होने पर मामले की जांच करेंगे।

- नवरतन कश्यप, टीआई, लालबाग थाना

# प्रेशर आईईडी ब्लास्ट में ग्रामीण की मौत



**गीदम।** इंद्रावती नदी पार स्थित माड़ इलाके में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से कोसलनार निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई।

बताया जाता है कि नक्सलियों ने फोर्स को नुकसान पहुंचाने की नीयत से यह आईईडी कोहकाबेड़ा की पहाड़ी पर प्लांट किया था। मिली जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के कोसलनार निवासी 35 वर्षीय मनारु अकाली बांस लेने के लिए कोहकाबेडा पहाड़ पर गया हुआ था। तभी नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में पैर लगने से ब्लास्ट हो गया। इससे मनारू की मौके पर ही मौत हो गई।

# 5 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया सरेंडर



**दंतेवाड़ा।** लोन वर्राटू अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख की इनामी नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। महिला माओवादी केरलापाल एरिया कमेटी सदस्य, नागाराम एलओएस कमाण्डर हड़मे माड़वी पिता स्व. हुर्रा माड़वी उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी छोटेलखापाल थाना कुकानार जिला सुकमा ने 16 दिसम्बर को डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ छग शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें मुहैया कराई जाएगी तथा समाज में पुनर्वासित करने हेतु प्रोत्साहन आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुये व्यवसायिक प्रशिक्षण और आवास की सुविधायें भी प्रदाय की जाएगी।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152



हमारा अशियाना

रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

Appointment
आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-6437)

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ- बी.एस.सी. नर्सिंग व जी.एन.एम. ओडी (OT) टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्निशियन, वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यताअनुसार। संपर्क करें। श्री कृष्णा हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ . - 9691631006, 9617952445, 9926115911.(RO-6449)

घरेलू कार्य

आवश्यकता है- रायपुर वीआईपी रोड राम मंदिर के पास बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे वाली लड़की की जरूरत है, रहना खाना दिया जायेगा, उचित तनख्वाह मिलेगा. संपर्क:- 7000989337, 8839751934. (RO-3165)

पीयून

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु पीयून की आवश्यकता है। मेल या फीमेल सदाफल देव आश्रम के सामने महादेव घाट रोड, रायपुर आकर्षक वेतन मोबाइल नंबर- 7804978068.(RO-2452)

क्लासीफाईड

ड्रायवर

आवश्यकता है- ड्राइवर चाहिए। अंगुल उड़ीसा मे ऑटोमैटिक गाड़ी के लिए फुलटाइम अनुभवी ड्राइवर की, जिसको लंबी दूरी की ड्राइविंग का अनुभव हो। सैलरी 12000 प्लस बोनस,रहना, खाना, मेडिकल, मोबाइल फ्री। संपर्क :- 7470575373.(आरो न.-7152)

वेल्डर

आवश्यकता है- सपना ट्राली में कार्य करने हेतु वेल्डर की आवश्यकता है। पद-2, पता-भाठागांव चौक के पास रिंग रोड नं.-1 रायपुर (छ.ग.) संपर्क करें- 94252-08090. (RO-2455)

कम्प्यूटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडको की आवश्यकता है । सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158. (RO-Mheet)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- देवपुरी रायपुर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 26 वर्ष के अविवाहित युवको की आवश्यकता है सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 संपर्क करें मोबाइल:- 918448107841, 9302708426. (RO-3155)

कस्टमर हैंडल कार्य

आवश्यकता है- बेकरी शॉप में कस्टमर हैंडल करने युवक तथा अन्य कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। संपर्क करें: न्यू हीरा बेकरी, टिकरापारा, रायपुर। मोबाईल 9754178006. (RO-332)

केयर टेकर/नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- घर पर ही रहकर बुजुर्ग एवं पेशेंट की देखभाल हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता- 10वी, 12वी, जी.एन.एम, ए.एन.एम, बी.एस.सी नर्सिंग, ड्यूटी 10 घंटे एवं 24 घंटे, स्थान- दुर्ग, भिलाई मो.- 8770891489. (आरो न.-641)

हरिभूमि क्लासीफाईड

वेटर/कुक

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर एवं इंडियन कुक की आवश्यकता है अनुभवी ही संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें। विनार बार एंड रेस्टोरेंट लिंक 1 के.के. रोड मोबाइल- 9713577672 रायपुर (RO-2453)

गार्ड

आवश्यकता है- धनोरा दुर्ग में फैमिली वाला गार्ड की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध है संपर्क करें:- 9669666601, 9754144001.(आरो -1850)

आवश्यकता

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533. (RO-440)

इंचार्ज/ड्रायवर

आवश्यकता है- ट्रांसपोर्ट इंचार्ज-02 पद, बस चालक - 04 चार (पांच वर्ष के अनुभव व बैज सहित लाइसेंस धारी) टाटा मैजिक/ टाटा विंगर-05 कंडक्टर्स- 06 (महिला/ पुरुष) गार्ड-02 पद मदर्स प्राइड हा. से. स्कूल 01, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) संपर्क- 8839783922, 7389358588. (RO-108)

सेल्स

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं सेल्स कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (RO-385)

दुकान/गोडाऊन कार्य

आवश्यकता है - दुकान / गोडाऊन कार्य हेतु 5 वीं पास मेहनती लड़कों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र , शॉप नंबर 124, एस. के. प्लाजा, बॉम्बे मार्केट रायपुर (RO-1625)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता

आवश्यकता है- N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) Mob. 9589295885, 9993929100.(RO-3110)

अन्य

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7866031540. (RO-599)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.(RO-816)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537.(RO-751)

Finance
फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (RO-3151)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

फाइनेंस - दुर्गा फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं एवं दुकानदार हेतु विशेष छूट संपर्क:- 9455768860. (RO-3164)

Business
व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)




Healthcare

सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही खराब कर देता है अतः इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।

- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर मे तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दाग, सर मे रुसी का भ्रम, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा पन, घुटने में कार्ट दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसे आने लगते हैं, सावधान।
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेटेलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री, पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, यौनि मार्ग से बदबू, सफेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चुका है, यह न्यूरोट्रोपिक वायरस है जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया (मूत्र मार्ग से पस जाते) हो तो तुरंत खून की जांच करायें, यहाँ जाच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा मे इसका उपाय है ही नहीं।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, यूरेथ्रास्ट्रक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
- बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल के 42 वर्षों के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर है। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बारिश कम हुई इसलिए बांध में भराव कम किसानों को पानी मिलने में भी संशय



**महासमुंद।** अनुमान के विपरीत बारिश कम होने के कारण इस बार जिले का सबसे बड़ा बांध पूरी तरह नही भर पाया। जिसके चलते इस बार भी रबी फसल की सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। बता दें कि बांध की जल भराव क्षमता 30 फीट है जबकि अभी यहां केवल 12 फीट पानी बचा है, जल स्तर कम होने के कारण बीते दो सालों से पानी नही दिया जा रहा था और इस बार भी कम पानी होने के कारण किसानों को पानी मिल पाना संभव नजर नही आ रहा।

जलस्तर को देखते हुए गांवों की मांग पर सिर्फ निस्तारी के लिए ही पानी छोड़ा जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों से मानसून सीजन में बारिश कम होने से जलाशयों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। मौजूदा सीजन में वही स्थिति निर्मित हो गई है। जिले के जलाशय बारिश के पानी पर ही निर्भर है। कोडार बांध में जलभराव की क्षमता 30 फीट है। इस वर्ष केवल 23 फीट तक ही पानी भर पाया। पिछले वर्ष 28 फीट और 2022 में 16 फीट ही पानी भर पाया था। कोडार बांध में पानी नहीं होने से किसान केशवा जलाशय से पानी प्रदान करने की मांग करने लगे हैं। कलेक्टर तक को ज्ञापन सौंप चुके हैं। रबी सीजन में ज्यादातर किसान धान की फसल लेते हैं। धान में पानी की अधिक आवश्यकता होती है। पानी नहीं मिलने पर फसल बर्बाद हो जाती है। साधन संपन्न किसान धान की फसल लेते हैं। देखा जाए तो चार-पांच वर्षों में पहली बार मानसून सीजन में महासमुंद विकासखंड में कम बारिश हुई।

### किसान नहीं लेना चाहते अन्य कोई फसल

कृषि विकास द्वारा किसानों को रबी सीजन में धान के अलावा अन्य फसल लेने प्रोत्साहित किया जा रहा है। लेकिन, कई फसलों का समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से किसान इसे लेकर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। किसानों का स्पष्ट कहना है कि वे फसल ले तो लें लेकिन, उपज का उचित मूल्य और स्थानीय बाजार नहीं मिल पाने से परेशानी होती है।

### गर्मी में दिया जाता है पानी

गर्मी के दिनों में तालाब जल्दी सूख जाते हैं। निस्तारी के लिए तालाबों में पानी नहीं रहता है। वन्य जीव भी प्यासे भटकते हैं और शहर की तरफ आने लगते हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा बांध के पानी 70 तालाबों में पानी भरा जाता है। अप्रैल व मई के पहले सप्ताह में तालाबों को पानी दिया जाता है।

# सगाई से लौटते समय सड़क हादसा एक की मौत, दो गंभीर

**सड़क अतरिया।** खुशी का पल उस वक्त मातम में बदल गया, जब सगाई कार्यक्रम संपन्न कर वापस लौटते समय एक कार पलटने से परिवार के ही एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खबर पाकर परिवार सहित पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क अतरिया निवासी रजक परिवार रविवार को सगाई कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के ग्राम देवकर गया था। कार्यक्रम संपन्न कर परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण शाम को अपने गांव वापस लौट रहे थे। जिसमें शामिल लगभग आधा दर्जन लोग शामिल थे। सभी की उम्र 20 से 25 के लगभग होना बताया गया, जो कार क्रमांक सीजी-07-बीओ-5667 में आ रहे थे, तभी रात करीब साढ़े 11 बजे नर्मदा अतरिया के मध्य पेट्रोल पंप के सामने कार चालक का किसी कारणवश वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और कार तेज गति से खेत में जाकर बबूल पेड़ से टकराकर पलट गई। कार की रफ्तार काफी अधिक तथा जोरदार टक्कर से वाहन का परखच्चा उड़ गया। जैसे-तैसे कुछ युवक पलटी कार से बाहर निकलकर साथियों को बाहर निकाला और 112 को घटना की सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आया, जहां एक युवक फलेन्द्र रजक पिता बालमुकुंद रजक 20 वर्ष को मृत घोषित किया गया। दो युवक को गंभीर चोंट आई थी।

# अंबानी व अदाणी 100 बिलियन डॉलर क्लब से बाहर, ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- अंबानी की संपत्ति में कमी का कारण रिटेल व एनर्जी डिवीजन का कमजोर प्रदर्शन

एशिया के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी का नाम 100 बिलियन डॉलर यानी 8 लाख 49 हजार करोड़ के क्लब से बाहर हो गया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी, इस वर्ष के लिए ब्लूमबर्ग के 100 बिलियन डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं। इन दोनों उद्योगपतियों की संपत्ति में हाल के समय में पैदा हुई व्यापारिक समस्याओं के कारण गिरावट आई है।

## दोनों उद्योगपतियों की संपत्ति में कमी व्यापारिक समस्याओं के कारण आई

### अंबानी की संपत्ति घटकर 96.7 बिलियन डॉलर

मुकेश अंबानी की व्यक्तिगत संपत्ति में गिरावट का कारण उनकी कंपनी के रिटेल और एनर्जी डिवीजन्स का कमजोर प्रदर्शन करना है। जुलाई 2024 में जब उनके बेटे अनंत की शादी हुई थी, तब उनकी संपत्ति 120.8 बिलियन डॉलर यानी 10 लाख करोड़ से अधिक थी, जो अब घटकर 13 दिसंबर 2024 तक 96.7 बिलियन डॉलर यानी 8 लाख 21 हजार करोड़ हो गई है। यह गिरावट कंपनी के बढ़ते कर्ज और व्यापारिक संकटों को लेकर निवेशकों के बीच चिंता का कारण बनी है।



### टेलीकॉम कंपनियों के लिए संभावित खतरा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों के लिए भी एक संभावित खतरा पैदा हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति-निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन और एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के भारत में उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवा में प्रवेश से भारत की टेलीकॉम कंपनियों को चुनौती मिल सकती है। वहीं, दुनिया के सबसे अमीर परिवारों की सूची में 2024 में वॉलमार्ट के वाल्टन परिवार 432.4 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है।

2024 की शुरुआत से अब तक भारत के टॉप-20 अरबपतियों ने 67.3 बिलियन डॉलर की वृद्धि हासिल की है। इसमें आईटी टायकून शिव नाडर ने 10.8 बिलियन डॉलर और सावित्री जिंदल ने 10.1 बिलियन डॉलर का सबसे बड़ा लाभ देखा है।

### अदाणी के लिए जांच बड़ी चुनौती बनी

गौतम अदाणी के लिए स्थिति और भी गंभीर है। अमेरिकी न्याय विभाग की जांच उनके समूह के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिससे उनके व्यापारिक साम्राज्य की प्रगति रुक सकती है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट और धोखाधड़ी के आरोपों ने अदाणी को कठिनाई में डाला है, जिसके कारण उनकी संपत्ति जून 2024 में 122.3 बिलियन डॉलर से घटकर नवम्बर में 82.1 बिलियन डॉलर यानी लगभग 7 लाख करोड़ रुपए हो गई।

## खबर संक्षेप

### सनातन टेक्सटाइल्स का आईपीओ 19 को खुलेगा




**नई दिल्ली।** यार्न विनिर्माता सनातन टेक्सटाइल्स ने 550 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 305-321 रुपये प्रति शेयर मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा और 23 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ 400 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और 150 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

### लक्ष्मी डेंटल को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

Laxmi Dental Care
Creating Miles Of Smiles

**नई दिल्ली।** दंत उत्पाद कंपनी लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 150 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और 1.28 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

### स्टरलाइट पावर ने वित्त पोषण से जुटाए 725 करोड़

Sterlite Power

**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर ने जीईएफ कैपिटल पार्टनर्स और इनाम होल्डिंग्स से प्राथमिक वित्त पोषण दौर में 725 करोड़ रुपये जुटाये हैं। स्टरलाइट पावर के विभाजन की प्रक्रिया के पश्चात ग्लोबल प्रोडक्ट्स एंड सॉल्यूशंस (जीपीएस) कारोबार को अक्टूबर 2024 में एक स्वतंत्र कंपनी के रूप में अलग कर दिया गया।

### आनंद राठी का आईपीओ लाने दस्तावेज जमा




**नई दिल्ली।** आनंद राठी समूह की 'ब्रोकरेज' इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 745 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये तक के नए शेयर का निर्गम होगा।

### वेदांता 8.5 रुपए प्रति शेयर चौथा अंतरिम लाभांश देगी

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लि. के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.5 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का चौथा अंतरिम लाभांश देने की मंजूरी दी है। लाभांश भुगतान की रिकॉर्ड तिथि 24 दिसंबर है और इसका भुगतान निर्धारित समयसीमा में किया जाएगा। वेदांता लि. के निदेशक मंडल की 16 दिसंबर, 2024 को हुई बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य पर 8.5 रुपये प्रति शेयर के चौथे अंतरिम लाभांश पर विचार किया गया और इसे मंजूरी दी गयी।

### लोबाना भारत में गूगल की कंट्री प्रबंधक नियुक्त



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने प्रीति लोबाना को भारत के लिए नया 'कंट्री प्रबंधक' एवं उपाध्यक्ष नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। वह संजय गुप्ता की जगह लेंगी। गुप्ता ने हाल ही में गूगल के एशिया प्रशांत क्षेत्र के अध्यक्ष का पदभार संभाला है। भारत की 'कंट्री मैनेजर' एवं उपाध्यक्ष के तौर पर लोबाना सभी ग्राहकों तक एआई को पहुंचाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए गूगल की रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## वाणिज्य मंत्रालय ने जारी किए नवंबर माह के लिए आंकडे

# नवंबर में निर्यात 4.85 प्रतिशत घटा, व्यापार घाटा 37.84 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश से वस्तुओं का निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.85 प्रतिशत घटकर 32.11 अरब डॉलर रह गया है। वहीं सोने के आयात में रिकॉर्ड उछाल के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 37.84 अरब डॉलर के अबतक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर महीने में वनस्पति तेल, उर्वरक और चांदी की आवक अधिक रहने से आयात सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 69.95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

### 14.8 अरब डॉलर मूल्य का स्वर्ण आयात

समीक्षाधीन माह में 14.8 अरब डॉलर मूल्य के सोने का आयात किया गया जो अबतक सर्वाधिक आंकड़ा है। एक साल पहले नवंबर, 2023 में स्वर्ण आयात 3.5 अरब डॉलर रहा था। कुल मिलाकर, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान देश का निर्यात 2.17 प्रतिशत बढ़कर 284.31 अरब डॉलर हो गया जबकि आयात 8.35 प्रतिशत बढ़कर 486.73 अरब डॉलर पहुंच गया।



### पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 50 फीसदी गिरा

पिछले महीने पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात लगभग 50 प्रतिशत गिरकर 3.71 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में भी पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 19 प्रतिशत घटकर 44.6 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, बर्थवाल ने कहा कि गैर-तेल निर्यात में अब भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है और सेवा क्षेत्र को मिलाकर वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक कुल निर्यात 800 अरब डॉलर के पार ले जाने में इससे मदद मिलेगी।

- वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 32 .11 अरब डॉलर
- सोने के आयात में रिकॉर्ड उछाल के कारण व्यापार घाट बढ़ा
- नवंबर माह में तेल, उर्वरक और चांदी की आवाक अधिक रही

*हमारा निर्यात व प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा : वाणिज्य सचिव ने व्यापार घाटा और आयात का आंकड़ा बढ़ने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि किसी को इसके बारे में चिंतित नहीं होना चाहिए क्योंकि देश बढ़ रहा है।उन्होंने कहा, ''इस वजह से आयात के लिए हमारी मांग अधिक होगी। जब तक हमारा निर्यात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ रहे हैं, वे हमारे आयात को वित्तपोषित करेंगे।'*

### 20 देशों को आईटी सेवा देने पर ध्यान केंद्रित

बर्थवाल ने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए 20 देशों और सूचना प्रौद्योगिकी एवं संबद्ध सेवाओं जैसी छह सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इन 20 देशों में निर्यात बढ़ाने की बहुत संभावना है और इसका लाभ उठाने के लिए मंत्रालय विदेशों में भारतीय दूतावासों के संपर्क में है।

### निर्यात में सुधार के लिए करेंगे रणनीति तैयार

बर्थवाल ने कहा, ''मंत्रालय अगले साल जनवरी में इन दूतावासों के साथ एक बैठक बुला रहा है और हम 20 देशों में निर्यात में सुधार करने के तरीके पर एक रणनीति तैयार करेंगे। अनुमान है कि नवंबर, 2024 में देश से सेवाओं का निर्यात बढ़कर 35.67 अरब डॉलर हो गया जबकि नवंबर, 2023 में यह 28.11 अरब डॉलर था। अक्टूबर, 2024 में यह निर्यात 34.31 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

### कच्चे तेल का आयात 7.9 फीसदी बढ़ा

पिछले महीने कच्चे तेल का आयात 7.9 प्रतिशत बढ़कर 16.11 अरब डॉलर हो गया।निर्यात के मोर्चे पर समीक्षाधीन महीने में तेल खली, लौह अयस्क, कोयला, रत्न एवं आभूषण, रसायन और हस्तशिल्प में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, इंजीनियरिंग सामान, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा और मसालों का निर्यात बढ़ा है।

### पेट्रोलियम की कीमतों में उतार-चढ़ाव से असर

इस तरह अप्रैल-नवंबर, 2024 के दौरान के दौरान निर्यात एवं आयात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा बढ़कर 202.42 अरब डॉलर हो गया। साल भर पहले की समान अवधि में यह 170.98 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर कहा कि पेट्रोलियम कीमतों में उतार-चढ़ाव से निर्यात पर असर देखा जा रहा है।

# देश में ईवी चार्जिंग ढांचे के लिए 16 हजार करोड़ रुपए की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- उद्योग मंडल फिक्की ने अवसंरचना पर जारी की रिपोर्ट
- वर्ष 2030 तक 30 फीसदी से अधिक ईवी की होगी मौजूदगी

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सार्वजनिक चार्जिंग ढांचे की बढ़ती मांग पूरा करने और वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत से अधिक ईवी की मौजूदगी का लक्ष्य हासिल करने के लिए 16,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान पेश किया गया है।

उद्योग मंडल फिक्की की ईवी चार्जिंग अवसंरचना पर जारी रिपोर्ट कहती है कि भारत में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए वर्तमान वित्तीय व्यवहार्यता दो प्रतिशत से कम उपयोग दरों के साथ नीचे बनी हुई है और इसे वर्ष 2030 तक 8-10 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखना होगा। निश्चित शुल्क के साथ बिजली शुल्क की मौजूदा लागत संरचना और सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का कम इस्तेमाल होने से स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

हालांकि, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और गुजरात जैसे राज्यों में कम या शून्य निश्चित शुल्क है लेकिन कई राज्यों में अधिक शुल्क होने से चार्जिंग स्टेशनों की व्यवहार्यता पर सवाल खड़े होते हैं। रिपोर्ट में स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ स्थिति की तरफ भारत के बढ़ते कदम को आसान बनाने के लिए नीति निर्माताओं, ईवी कंपनियों और सरकारी निकायों सहित प्रमुख हितधारकों की तरफ से कदम उठाने का अनुरोध किया गया है।

### जीएसटी दर को घटाकर 5 फीसदी करने की मांग

इसमें सार्वजनिक चार्जिंग के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए वित्तीय व्यवहार्यता, बिजली से संबंधित मुद्दे, जमीन की उपलब्धता, परिचालन से जुड़ी चुनौतियों और मानकीकरण के मुद्दों पर गौर करने की बात कही गई है। ईवी चार्जिंग सेवाओं के लिए जीएसटी दर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का सुझाव भी दिया गया है।

# भारतीय आईटी क्षेत्र में भर्ती की रफ्तार कम रहेगी : इक्रा



- वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के लिए जारी संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा उद्योग में वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही तक वृद्धि की गति बढ़ने तक नियुक्तियां कम ही रहने की संभावना है।

साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में नई सरकार के गठन से तत्काल कुछ नीतिगत अनिश्चितता पैदा हो सकती है।

अनिश्चित व्यापक आर्थिक माहौल के बीच अमेरिका तथा यूरोप के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों के कम विवेकाधीन प्रौद्योगिकी खर्च से पिछली छह से आठ तिमाहियों में भारतीय आईटी सेवा कंपनियों की मांग में कमी आई है। कर्मचारियों द्वारा कम संख्या में नौकरी छोड़ने और कर्मचारियों के अधिकतम इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करने जैसे कारक भी भर्ती में मंदी की मुख्य वजह रहे हैं। एजेंसी ने कहा, '' हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन इक्रा का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही तक वृद्धि की गति बढ़ने तक निकट भविष्य में नियुक्तियां कम ही रहेंगी।''

इसमें यह भी कहा गया, जनरेटिव एआई के विस्तार से बढ़ने के कारण सभी प्रमुख आईटी सेवा कंपनियां अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं। वे एआई-संचालित व्यावसायिक अवसरों का पता लगा रही हैं। इससे कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के स्तर की तुलना में नई नियुक्तियों में समग्र रूप से कमी आने की आशंका है।

### कर्मचारी उत्पादकता में आएगा सुधार

इक्रा ने कहा कि जनरेटिव एआई को अधिक अपनाने से कर्मचारी उत्पादकता में सुधार का असर अगले कुछ वर्षों में दिखाई देने की उम्मीद है।

## जीके एनर्जी का आईपीओ लाने दस्तावेज जमा...



**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा चालित कृषि जल पंप प्रणाली प्रदाता जीके एनर्जी लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 500 करोड़ रुपये के नए शेयर और 84 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

कंपनी की योजना आईपीओ पूर्व निर्गम में 100 करोड़ रुपये जुटाने की है। इसके सफल होने पर प्रस्तावित आईपीओ को आकार घट सकता है। सेबी के समक्ष दस्तावेज शुक्रवार को दाखिल किए गए। इसके अनुसार आईपीओ से हासिल 422.46 करोड़ रुपये का इस्तेमाल दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा।

# सोना 1,150 रुपए लुढ़का, चांदी में 300 रुपए की गिरावट

- सोना घटकर 78,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की अंधाधुंध बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 1,150 रुपये लुढ़ककर 78,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली सोने की कीमत 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 300 रुपये घटकर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 92,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

*सोने में उतार-चढ़ाव का दौर जारी : एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक - जिंस एवं मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'सोने में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा। पिछले सप्ताह भी इसमें उतार-चढ़ाव रहा था।' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 2.70 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,678.50 डॉलर प्रति औंस हो गया।*

# डीजीटीआर इस्पात आयात में उछाल की कर रहा जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- शुल्क लगाने पर एमएसएमई से लेगा सलाह

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने इस्पात आयात में कथित उछाल की जांच शुरू कर दी है।


एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को कहा कि मंत्रालय अपनी सिफारिशें देने से पहले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) से भी सलाह लेगा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि मंत्रालय को इस्पात मंत्रालय से सुरक्षा जांच करने का अनुरोध मिला है। उन्होंने यहां कहा, ''डीजीटीआर जांच कर रहा है और जांच में वे पूरी मूल्य श्रृंखला को शामिल कर रहे हैं। इसलिए, हम न केवल भारत आने वाले एचआर (हॉट-रोल्ड) और सीआर (कोल्ड-रोल्ड) कॉइल की जांच कर रहे हैं, बल्कि आगे उद्योग की जरूरत को भी देख रहे हैं कि उत्पादन में असंतुलन है या क्या इस्पात में अतिरिक्त क्षमता के कारण नुकसान हो रहा है। वाणिज्य सचिव ने कहा कि एमएसएमई के साथ ही आगे की कड़ी के उद्योगों सहित सभी हितधारकों से परामर्श किया जा रहा।

### *25 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने का था प्रस्ताव*

*इस्पात मंत्रालय ने दो दिसंबर को वाणिज्य विभाग के साथ बैठक में देश में आयात किए जाने वाले कुछ इस्पात उत्पादों पर 25 प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा था। बैठक में इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मौजूद थे।*

# कमजोर वैश्विक रुख से शेयर बाजार में गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई



वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 384 अंक से अधिक नीचे आ गया। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व इस सप्ताह नीतिगत दर पर निर्णय लेगा।

इसको देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे वैश्विक बाजार में नरमी रही। इसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। इसके अलावा, रुपये में गिरावट और चीन में कमजोर आर्थिक आंकड़ों के बीच धातु तथा आईटी शेयरों में बिकवाली दबाव से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 384.55 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,748.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 581.84 अंक तक लुढ़क गया था।

## खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ी

# थोक महंगाई दर में आई गिरावट, घटकर 1.89 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खुदरा महंगाई दर के बाद नवंबर महीने में थोक आधारित महंगाई दर में भी गिरावट आई है। नवंबर 2024 में थोक महंगाई दर घटकर तीन महीने के निचले स्तर 1.89 फीसदी रही है जो अक्टूबर 2024 में 2.36 फीसदी रही थी।

- नवंबर 2024 में घटकर तीन माह के निचले स्तर पर

बीते साल नवंबर 2023 में थोक आधारित महंगाई दर 0.39 फीसदी रही थी। वाणिज्य मंत्रालय ने थोक मूल्य आधारित महंगाई दर का आंकड़ा जारी किया है। इस डेटा के मुताबिक नवंबर महीने में होलसेल महंगाई दर घटकर 1.89 फीसदी पर आ गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार के धीमे पड़ने के चलते होलसेल महंगाई दर में गिरावट आई है।

### सब्जियों की महंगाई दर 28 प्रतिशत बढ़ी

खाद्य महंगाई दर नवंबर महीने में 8.92 फीसदी रही है जो कि अक्टूबर 2024 में 11.6 फीसदी रही थी।सब्जियों की कीमतों की महंगाई दर 28.57 फीसदी के दर से बढ़ी है जो कि अक्टूबर में 63 फीसदी के दर से बढ़ी थी। अनाज की कीमत नवंबर महीने में 7.81 फीसदी के दर से बढ़ी है जो अक्टूबर में 7.9 फीसदी के दर से बढ़ी थी।



### खुदरा महंगाई दर में भी आई कमी

पिछले हफ्ते खुदरा महंगाई दर के आंकड़े घोषित हुए थे। नवंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर 5.48 फीसदी पर आ गई है जो अक्टूबर में 6.21 फीसदी रही थी। खाद्य महंगाई दर में भी कमी आई है। बेहतर खरीफ फसलों के उत्पादन और बाजार में साग-सब्जियों की आवक के बढ़ने के चलते महंगाई में कमी आ रही है।

### आलू और अंडे की महंगाई ने किया परेशान



नवंबर महीने में आलू की महंगाई दर 82.79 फीसदी रही है जो अक्टूबर में 78.73 फीसदी के दर से बढ़ी थी। प्याज की महंगाई दर नवंबर में घटकर 2.85 फीसदी पर आ गई है जो अक्टूबर में 39.25 फीसदी रही थी। अंडे, मीट और मछली की महंगाई नवंबर में 3.16 फीसदी के दर से बढ़ी है जो अक्टूबर में -0.52 फीसदी के दर से बढ़ी थी। फलों की महंगाई दर में कमी आई है। नवंबर में ये 8.41 फीसदी रही है जो कि अक्टूबर में 13.55 फीसदी रही थी।

## बिजनेस साइट

### आईजेएसओ में एलन स्टूडेंट्स को 4 गोल्ड मैडल, भारत रहा वर्ल्ड टॉपर



कोटा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के छात्रों ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। 21वें इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड (आईजेएसओ) में एलन के चार क्लासरूम छात्रों ने गोल्ड मैडल जीते हैं। भारतीय टीम ने कुल छह गोल्ड मैडल जीते, जिनमें से चार गोल्ड एलन के छात्रों ने जीते। इन शानदार प्रदर्शन के साथ ही भारत ने आईजेएसओ में शामिल 57 देशों में से वर्ल्ड टॉपर का खिताब हासिल किया। रोमानिया में 2 से 11 दिसंबर तक आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में एलन के चार स्टूडेंट्स - हर्षित सिंगला, जिनांश जिनेश शाह, मानस गोयल और प्रणीत माथुर ने गोल्ड मैडल जीते। 2015 से अब तक एलन के छात्रों ने आईजेएसओ में कुल 38 गोल्ड और 5 सिल्वर मैडल जीते हैं।

# ईपीएल : यूनाइटेड ने पिछड़ने के बाद की वापसी, सिटी की 11 मैचों में 8वीं हार

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अमाद डायलो ने 90वें मिनट में दागे गोल की मदद से जोरदार वापसी करते हुए प्रीमियर लीग फुटबॉल में रविवार को यहां मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हरा दिया। चार बार की गत विजेता सिटी ने इतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैनचेस्टर डर्बी में 88वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखी थी लेकिन ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल करके मैच का रुख बदल दिया। इसके बाद डायलो ने विजयी गोल दागकर यूनाइटेड की जीत सुनिश्चित की।



### शीर्ष पर लिवरपूल

सिटी की पिछले 11 मैच में यह आठवीं हार है। इस जीत के बावजूद यूनाईटेड की टीम 22 अंक के साथ 13वें जबकि सिटी की टीम 27 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। दूसरे स्थान पर रहे चेल्सी ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ 2-1 की जीत के बाद शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल से अंकों के अंतर को दो तक सीमित कर दिया है। लिवरपूल के 36 अंक हैं। चेल्सी तीसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल से चार अंक आगे है।

### मैनेजर को टीम से निकाला

टोटेनहैम के खिलाफ 0-5 की हार के बाद साउथम्पटन ने मैनेजर रसेल मार्टिन को निकाल दिया। साउथम्पटन अंतिम पायदान पर है जबकि टोटेनहम 10वें स्थान पर पहुंच गया है। इस्माइला सार ने रविवार को क्रिस्टल पैलेस की ब्राइटन पर 3-1 की जीत में दो गोल किए।

## ला लिगा : लेगानेस से हारा शीर्ष पर चल रहा बार्सीलोना



**बार्सीलोना।** बार्सीलोना को लेगानेस की कमजोर टीम के खिलाफ यहां घरेलू मैदान पर 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर कायम है। लेगानेस की मौजूदा सत्र में विरोधी टीम के मैदान पर यह पहली जीत है। एटलेटिको मैड्रिड ने गेटाफे को 1-0 से हराया और रियल मैड्रिड को पछाड़कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। एटलेटिको मैड्रिड के भी बार्सीलोना के समान 38 अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण बार्सीलोना की टीम शीर्ष पर है। एल्वेस और एथलेटिक बिलबाओ का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा जबकि विलारियल को 2-1 से हराकर रियल बेटिस ने अपने अजेय अभियान को चार मैच तक पहुंचाया। रियल सोसीदाद को लास प्लामास ने गोल रहित बराबरी पर रोका।

## खबर संक्षेप



### आसमान छू सकता है पृथ्वी : अय्यर

**बेंगलुरु।** पृथ्वी शॉ जितनी तेजी से उभरे थे, उतनी ही तेजी से हाशिए पर भी चले गए लेकिन श्रेयस अय्यर का मानना है कि अनुशासित होने पर मुंबई का यह बल्लेबाज बुलंदियों को छू सकता है। शॉ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनी प्रतिभा की झलक पेश की और नौ मैचों में 197 रन बनाए लेकिन इसमें एक भी अर्धशतक शामिल नहीं है। श्रेयस ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह कुदरती प्रतिभावान खिलाड़ी है। उसके पास इतनी प्रतिभा है जो किसी के पास नहीं। उसे बस अनुशासन पर काम करना होगा। ऐसा करने पर वह बुलंदियों को छू सकता है।'

### पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया : गिलेस्पी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने सोमवार को पीसीबी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बोर्ड ने पूरी तरह से उन्हें अंधेरे में रखा जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। गिलेस्पी ने कहा, 'चुनौतियां तो थी। मैं कुछ करने के इरादे से वहां गया था।



### बांग्लादेशी टीम ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को सात रन से हराया



**किंग्सटाउन।** बल्लेबाजों और गेंदबाजों के ऑलराउंड प्रदर्शन से बांग्लादेश ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के रोमांचक पहले मुकाबले में सात रन की जीत के साथ 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश के छह विकेट पर 147 रन के स्कोर का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की मेजबान टीम 19.5 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज हसन महमूद (दो विकेट) ने आखिरी ओवर में शानदार प्रदर्शन किया और पावेल को आउट किया।

### वर्षा से प्रभावित तीसरे दिन पहली पारी में 51 रन पर लड़खड़ाई भारतीय टीम

# चार विकेट गंवाकर संकट में भारत ऑस्ट्रेलिया से अभी 394 रन से पीछे

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

भारतीय बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में असमर्थ रहे जिससे मेहमान टीम तीसरे क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में 51 रन तक चार विकेट गंवाकर संकट में है। बारिश के लगातार खलल के बीच कई बार खेल रुका और फिर शुरू हुआ। जसप्रीत बुमराह ने 76 रन देकर छह विकेट चटकाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 445 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा।

स्टंप के समय भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल 33 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा उनका साथ निभा रहे हैं जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 394 रन से पीछे है जबकि उसके सिर्फ छह विकेट शेष हैं और मेहमान टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती फॉलोआन बचाने की है।



### कोहली लगातार हो रहे फेल

विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली घरेलू सीरीज में वह छह पारियों में 91 रन बना सके थे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच रन बना सके थे। दूसरी पारी में उन्होंने टेस्ट करियर का 30वां शतक लगाया। हालांकि, इसके बाद तीन पारियों में वह 7, 11 और 3 का स्कोर ही बना पाए। उन्होंने सत्र में अब तक 17 पारियों में 25.06 की औसत से 376 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

### कोहली का औसत 50 से नीचे गिरा

विराट के टेस्ट में फॉर्म को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, टीम मैनेजमेंट और कोच गौतम गंभीर से उन्हें समर्थन मिलता रहा है, लेकिन इस साल उनके खराब प्रदर्शन की वजह से विराट का औसत 50 से नीचे गिर चुका है। यह एक वक्त 53 के आसपास था।

क्रिकेट

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को दिया 658 रन का लक्ष्य

### विलियमसन के 156 रन

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

केन विलियमसन के 156 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने 657 रन की विशाल बढ़त बनाने के बाद इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करके तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली।

इंग्लैंड को एक और झटका लगा जब कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के फिर उभरने से मैदान से चले गए। विलियमसन ने अपने कॅरियर का 33वां और सेडोन पार्क पर सातवां शतक लगाया। अपने घरेलू मैदान पर यह उनका लगातार पांचवां शतक था।



विलियमसन ने रचिन रविंद्र (44) के साथ 107 और डेरिल मिचेल (60) के साथ 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने 137 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के के साथ शतक और 196 गेंद में 150 रन पूरे किए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 453 रन बनाए जबकि पहली पारी में उसके पास 204 रन की बढ़त थी।

### स्टोक्स को हैमस्ट्रिंग चोट

स्टोक्स अपने 13वें ओवर की दूसरी गेंद फेंक रहे थे जब फॉलोथ्रू में उनके बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग चोट लग गई। वह चेहरे को हाथों से छिपाकर मैदान से चले गए। उन्हें अगस्त में द हंड्रेड श्रृंखला में खेलते हुए बाएं हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट लगी थी और बैसाखियों के सहारे मैदान से जाना पड़ा था। वह श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे।

### टीम एशिया ने टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया

# मनिका बत्रा की टीम एशिया बनी वाल्डनर कप चैंपियन

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा सितारों से सजी 'टीम एशिया' का हिस्सा थीं जिसने यहां वाल्डनर कप के पहले आयोजन में 'टीम वर्ल्ड' को हराया। टीम एशिया में मनिका के अलावा टेबल टेनिस के दिग्गज चीन के मा लोंग, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन मेंग, दक्षिण कोरिया के शिन युबिन और कजाकिस्तान के किरिल गेरासिमेंको शामिल थे।

टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया। टीम वर्ल्ड में ट्रुल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज़ और बर्नाडेट स्जोक्स जैसे खिलाड़ी थे। मनिका रविवार को एड्रियाना से अपना मैच हार गई थीं। स्वीडन के महान खिलाड़ी जान-ओवे वाल्डनर ने टेबल टेनिस को शीर्ष वैश्विक खेल बनाने के उद्देश्य से इस टूर्नामेंट की स्थापना की है। वाल्डनर कप नॉर्वे टेबल टेनिस संघ द्वारा आयोजित एक आमंत्रण टूर्नामेंट था।




### सामूहिक प्रयास से मिली सफलता : दीपिका

**बेंगलुरु।** भारत की महिला जूनियर एशिया कप जीत की सूत्रधार रहीं दीपिका ने सफलता का श्रेय टीम के सामूहिक प्रयास को दिया। दीपिका ने टूर्नामेंट का समापन शीर्ष गोल स्कोरर के रूप में किया और उनके नाम 12 गोल रहे जिसमें से पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए। दीपिका ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं कि मैं इतने गोल करने में सफल रही लेकिन यह मेरी साथियों की मदद के बिना संभव नहीं होता। शिविर में प्रत्येक खिलाड़ी ने बहुत मेहनत की और सभी के प्रयास के बिना हम खिताब नहीं जीत पाते।'



### रिया ने पहली बार जीता राष्ट्रीय खिताब

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की युवा निशानेबाज रिया शिरीष थाटे ने कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी में सोमवार को यहां 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीती। रिया ने स्वर्ण पदक के लिए शूट ऑफ में पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बराड़ को 7-2 से हराया। ओलंपियन और एशियाई खेलों की चैंपियन राही सरनोबत तीसरे स्थान पर रहीं। सिमरनप्रीत ने इससे पहले जूनियर महिला वर्ग का खिताब जीता।









भारत के कई पड़ोसी देश हैं। इन देशों की सीमा भारत से जुड़ी हुई है। वैसे तो ज्यादातर पड़ोसी देशों के साथ भारत के रिश्ते मधुर हैं लेकिन एक ऐसा देश है, जिसके साथ भारत की दुश्मनी कम होने का नाम नहीं ले रही।

# आसमान से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर का नजारा देख खड़े हो गए रोंगटे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैसे तो इस लिस्ट में चीन का नाम भी शामिल है, लेकिन आज हम बात कर रहे हैं पाकिस्तान की। कभी भारत का हिस्सा रहा पाकिस्तान अब दूसरा देश बन चुका है। बात अगर भारत और पाकिस्तान की करें तो दोनों ही देशों के बीच टनटनी का माहौल रहता ही है। यही वजह है कि इन देशों के बॉर्डर्स ओर जवानों का सख्त पहरा होता है। बॉर्डर्स की गतिविधियों को लगातार ट्रैक किया जाता है ताकि कोई अनहोनी ना हो जाए। जहां जमीन से इन बॉर्डर्स पर आपकी सिर्फ जवानों का पहरा नजर आएगा, वहीं एक शख्स ने इस बॉर्डर को आसमान से दिखाकर लोगों का नजरिया ही बदल दिया।



## रात में दिखा ऐसा नजारा

अमोल बत्रा नाम के इस युवक ने लोगों के साथ ये खूबसूरत नजारा शेयर किया। अमोल म्यूनिच से दिल्ली फ्लाइट से आ रहा था। इस दौरान जब उसकी फ्लाइट अमृतसर के ऊपर से गुजरी तब उसकी नजर नीचे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पड़ी। 35 हजार की फ़ीट की ऊंचाई से दिखे इस खूबसूरत नज़ारे को शख्स ने कैमरे में कैद कर लिया। जैसे ही वीडियो को शेयर किया गया, ये वायरल हो गया।




## जगमगाता है ये बॉर्डर

आसमान से ये बॉर्डर बेहद खूबसूरत नजर आ रहा था। दोनों देशों को अलग करता ये बॉर्डर रौशनी से जगमगा रहा था। ऐसा लग रहा था कि किसी ने नीचे दिवाली की लाइट्स लगाई हो। इस खूबसूरत नज़ारे को देख लोगों के भी रोंगटे खड़े हो गए। कई लोगों ने कमेंट्स सेक्शन में बताया कि भारत की तरफ से ये लाइट्स लगाए गए हैं। वहीं, एक यूजर ने लिखा कि इस मोमेंट में उसे अहसास हुआ कि आसमान एक है, लेकिन जमीन पर सभी देशों के टुकड़े किये गए हैं।

# एम्स की संचालन समिति में सांसद विजय और ज्योत्सना शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की संचालन समिति में लोकसभा सांसद विजय बघेल और ज्योत्सना महंत को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। उनके चयन के लिए बकायदा अन्य एम्स के चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। तीन दावेदारों द्वारा नाम वापस लेने के बाद दोनों सांसदों को सदस्य निर्वाचित किया गया। एम्स की संचालन समिति (संस्थान निकाय) में विभिन्न वर्ग के लोगों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है। जनप्रतिनिधि के रूप में लोकसभा सांसदों को सदस्य के रूप शामिल करने देश के 12 एम्स में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। रायपुर एम्स के लिए पांच लोगों ने दावेदारी की, जिसमें से तीन ने निर्धारित समय में अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद दुर्ग के भाजपा सांसद विजय बघेल और कोरबा की कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।





# 2 साल के बच्चे का दोस्त है कौआ, रहते हैं हमेशा साथ

**नई दिल्ली।** इंसान और जानवर की दोस्ती नई नहीं है। सालों से ये लोग एक दूसरे के साथ रहे हैं। पर आमतौर पर इंसान और गाय, कुत्ते, बिल्ली या बकरी के ही साथ की बात होती है। क्या आपने कभी पक्षी और इंसान की फ्रेंडशिप के बारे में सुना है? हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक 2 साल के बच्चे और कौए की दोस्ती के बारे में बताया गया है। दोनों के बीच इतना घना रिश्ता है कि कौआ, उस बच्चे के साथ साए की तरह साथ रहता है। उन्हें देखकर लोग मानते हैं कि जरूर उनके बीच पिछले जन्म का संबंध रहा होगा। कौए का नाम रसेल है जो एक जंगली कौआ है। वो 2 साल के बच्चे, ओटो का दोस्त है। यूं तो वो घर के अंदर ओटो के साथ नहीं रहता है, पर जैसे ही ओटो बाहर निकलता है, वो ओटो का साथ नहीं छोड़ता है।



पृथ्वी के करीब एक एलियन वर्ल्ड है, जिसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। दरअसल एक ग्रह है, जिसकी धूमकेतु की तरह पूंछ है। यह पूंछ इतनी विशाल है कि इसमें 40 पृथ्वी आ सकती हैं। यह ग्रह अपने तारे के बेहद करीब है।

**40 पृथ्वी भी पड़ जाएं छोटी**


# धूमकेतु जैसा ग्रह, पीछे लेकर चल रहा साढ़े पांच लाख किमी लंबी पूंछ

एजेंसी ▸▸| वॉशिंगटन

विशेषज्ञों का कहना है कि पूंछ जैसी दिखने वाली यह विशाल संरचना इस एक्सोप्लैनेट के वायुमंडल से लीक होने वाली गैस से बनी है। इसे तारकीय हवाओं के जरिए उड़ाया जा रहा है, जिसे विंडसॉक कहा जाता है।

इस एक्सोप्लैनेट का नाम WASP-69 b है जो एक गैसीय ग्रह है। इसका अकार लगबग बृहस्पति के समान है। लेकिन इसका द्रव्यमान एक तिहाई से भी कम है। पृथ्वी से यह 160 प्रकाश-वर्ष दूर है। यह अपने तारे के बेहद करीब हैं। इसी कारण यह 3.9 दिनों में अपने 'सूर्य' की परिक्रमा कर लेता है। साल 2014 में इसकी खोज हुई थी।

शोधकर्ताओं ने देखा कि WASP-69 b प्रति सेकंड 2 लाख टन गैस निकाल रहा है, जिसमें ज्यादातर हीलियम और हाइड्रोजन है। माना जा रहा है कि बेहद गर्म होने के कारण ऐसा हो रहा है।



## धूमकेतु की तरह मिली पूंछ

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक यह गैस 7 अरब साल से निकल रही है। जिस दर से ग्रह से गैस निकल रही है उस दर से एक्सोप्लैनेट ने संभवतः अपने जीवनकाल के दौरान 7 पृथ्वी के बराबर द्रव्यमान खो दिया है। वैज्ञानिकों ने पहले अनुमान लगाया था कि WASP-69 b के पास धूमकेतु जैसी पूंछ हो सकती है, जो अंतरिक्ष में लीक हो रही गैस से बनी है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई थी।

हालांकि, 9 जनवरी को एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हवाई में स्थित वेधशाला के डेटा के जरिए ग्रह और उसके वातावरण के विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि वास्तव में इसकी पूंछ 5.6 लाख किलोमीटर तक फैली हुई है जो पृथ्वी की चौड़ाई से लगभग 44 गुना है।



## क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

स्टडी के प्रमुख लेखक और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में एस्ट्रोफिजिक्स डॉक्टरेट छात्र डकोटा टायलर ने कहा, 'पिछले अवलोकनों में संकेत मिला था कि WASP-69 b की एक छोटी पूंछ हो सकीत है, या शायद कोई पूछ ही न हो। लेकिन हम निश्चित रूप से दिखाने में सफल रहे कि ग्रह की हीलियम पूंछ विशाल ग्रह के त्रिया से कम से कम सात गुना ज्यादा फैली है।' इस ग्रह की पूंछ तब बनती है जब तारकीय हवाएं लीक हो रही गैस को ग्रह से दूर धकेल देती हैं, जिससे उसके पीछे एक निशान बन जाता है। तारकीय हवाएं हमारे सूर्य से निकलने वाली सौर हवाओं के समान हैं। अगर तारकीय हवाएं गायब हो जाएं तो पूंछ भी खत्म हो जाएगी।

# 400 साल पुराने घर का चल रहा था रेनोवेशन, तभी दीवार के पीछे मिली ऐसी चीज देखकर दंग रह गए लोग!

**लंदन।** जिन लोगों के पुराने घर होते हैं, उन्हें भी कई बार नहीं पता होता कि उनके घर के पीछे क्या राज दफन है। कई बार घर काफी पुश्तैनी होते हैं, जिसमें पुरानी पीढ़ी कुछ छुपाकर चली जाती है। बाद में जब घर का रेनोवेशन होता है, तब उसके बारे में वहां रहने वाले लोगों को पता चलता है। एक फैमिली के साथ भी हाल ही में ऐसा ही हुआ, जिन्होंने अपने 400 साल पुराने घर का जब रेनोवेशन करवाया तो उसमें से उन्हें हैरान करने वाली चीजें मिलीं, जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।



इंस्टाग्राम यूजर ओलिविया मुनरो और उनके पति ब्रिटेन में एक 400 साल पुराने घर में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने घर को रेनोवेट करना शुरू किया। रेनोवेट करने के दौरान उन्हें एक ऐसी चीज दीवार और फर्श के अंदर से मिली, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। कपल अपने सोशल मीडिया पर घर के रेनोवेशन से जुड़े वीडियोज लगातार पोस्ट करते रहते हैं। इस वीडियो में उन्होंने बताया कि उन्हें क्या मिला।

## घर में मिली खास चीजें

फर्श के नीचे उन्हें पैमेट टाइल मिले. पैमेट टाइल मिट्टी सैकड़ों सालों पहले मिट्टी से बनाए जाते थे और लोग अपने घर की फर्श पर उसे लगाते थे। इन टाइलों को दो लेयर की कंक्रीट से सुरक्षित रखा गया था। जब उन्होंने फर्श को तोड़ा तो ये टाइल नजर आई। उन्होंने टाइल को धुला तो उसका रंग खिलकर सामने आ गया। उसके बाद दीवार तोड़ते हुए उन्हें एक चिमनी मिली, जिसमें पहले के वक्त में आग जलाई जाती होगी। उन्होंने फिर उस टाइल को फायरप्लेस पर लगा दिया और उसे संरक्षित करने के काम किया। आप घर के रेनोवेशन से जुड़े और भी वीडियोज ओलिविया के अकाउंट पर जाकर देख सकते हैं।


# शादी के लिए लगती है मंडी, लड़का-लड़की खरीदने आते हैं लोग

**बीजिंग।** बच्चे जब शादी के लायक हो जाते हैं तो माता-पिता को उनकी शादी जल्दी कराने की फिक्र होने लगती है। इस वजह से वो शादी के लिए लड़के-लड़कियां खोजने में लग जाते हैं। भारत में तो ये काम आमतौर पर घर के बड़े-बुजुर्ग या वो लोग कर देते हैं, जिनकी कई लोगों से पहचान होती है। वो लोग रिश्ता बता देते हैं। यूं तो आजकल ऑनलाइन दूल्हा-दुल्हन खोजने का जमाना है, पर चीन के एक शहर में इसके लिए खास मंडी लगती है, जहां माता-पिता या अन्य रिश्तेदार अपने परिवार के अविवाहित लोगों के लिए पार्टनर खोजने जाते हैं। ये जगह लड़के-लड़कियों की मंडी जैसी लगती है, जहां रेट लिस्ट की तरह बायोडेटा चिपके रहते हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जो चीन के शंघाई का बताया जा रहा है।

**सब कुछ उसमें लिखा हुआ**

इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि लोग पार्क में टहलने आए हैं जहां पर सैकड़ों बायोडेटा, रेट लिस्ट की तरह दीवारों पर चिपके हैं, तारों से लटकाए गए हैं और जमीन पर उन्हें लेकर लोग बैठे हैं। उन बायोडेटा को लोग ऐसे देख रहे हैं, जैसे वो सब्जी मंडी में सब्जियां खरीदने आए हों। इन बायोडेटा में लड़के-लड़कियों की पूरी प्रोफाइल लिखी है। उनकी फोटो, वो कहां नौकरी करते हैं, उन्हें खाने-पीने में क्या पसंद है, ये सब कुछ उसमें लिखा हुआ है।











हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com